● जयपुर, शनिवार 16 नवंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 88 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @ 3 29वीं राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ...

पेज @ 4 उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में पर्यटन विभाग की ओर से 'कल्चरल ...

पेज @ 8 अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित होगा पुष्कर:...

# मुख्यमंत्री भजन लाल ने ली उच्च स्तरीय बैठक

## युवाओं, किसानों, महिलाओं व मजदूरों के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की

चमकता राजस्थान




जयपुर, ! (खलील कुरैशी) 14 नवंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं, किसानों, महिलाओं व मजदूरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में राज्य सरकार अपनी पहली वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण के साथ ही युवाओं, किसानों, महिलाओं व श्रमिकों को विशेष सौगातें देने जा रही है। राज्य स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों एवं राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सफल आयोजन के लिए सभी विभाग तैयारियों में तेजी लाएं एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर विभिन्न विभागों के उच्च स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग तय समय पर अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों की बिन्दुवार समीक्षा करें एवं नियमित रूप से उनकी मॉनिटरिंग करते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दें।सचिव अपने प्रभार वाले जिलों के एमओयू की करें मॉनिटरिंग बैठक में मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत विभिन्न विभागों एवं जिला स्तर पर आयोजित की जा रही प्री-समिट में होने वाले एमओयू को धरातल पर लागू किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रभारी सचिव अपने विभाग एवं अपने प्रभार वाले जिलों में किए गए एमओयू की मॉनिटरिंग करें।रोजगार उत्सव की तैयारियों को दें अंतिम रूप शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश के युवाओं को रोजगार उत्सव के तहत करीब 30 हजार युवाओं को नियुक्तियां देने और 70 हजार से अधिक नई भर्तियों की सौगात देने जा रही है। उन्होंने संबंधित विभागों को विज्ञप्ति जारी करने संबंधी कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने इस दौरान दी जाने वाली नियुक्तियों की स्थिति को लेकर भी समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अवसर पर बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम, अटल एंटरप्रिन्योरशिप प्रोग्राम, आई-स्टार्ट के अंतर्गत लीप (लर्न एण्ड प्रोग्रेस) प्रोग्राम, टीओपी (टारगेट ओलंपिक पोडियम) योजना एवं स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम का भी शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों से इस संबंध में प्रगति की जानकारी ली। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में एक उपज, एक वानस्पतिक प्रजाति, एक उत्पाद, एक पर्यटन स्थल एवं एक खेल पर विशेष रूप से फोकस करते हुए पंच-गौरव कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। प्रभारी सचिव अपने प्रभार वाले जिलों के लिए इन श्रेणियों में चिन्हित तत्वों के संबंध में भी कार्यवाही करें।महिलाओं और श्रमिकों को मिलेगा आर्थिक सम्बलमुख्यमंत्री ने प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के तहत 1 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने, 10 हजार स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विग फंड और कम्यूनिटी इन्वेस्टमेंट फंड से आर्थिक सहायता देने, 45 लाख स्वयं सहायता समूह सदस्यों को आर्थिक सम्बल देने के क्रम में राजसखी पोर्टल की शुरूआत करने, मुख्यमंत्री अमृत आहार योजना का शुभारंभ करने, लाड़ो प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रथम किशत का हस्तांतरण सहित विभिन्न योजनाओं की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। साथ ही, उन्होंने श्रमिक कल्याण की दिशा में भवन एवं अन्य संनिर्माण से जुड़े 1.5 लाख श्रमिकों को 150 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरण, स्कूटी वितरण, निःशक्तजनों को सहायक सामग्री व सहायता उपकरण उपलब्ध कराने संबंधी कार्यक्रमों की भी जानकारी ली।

#### 25 हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

» बैठक में शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस सरकार के 1 साल पूरा होने के उपलक्ष पर किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त के साथ ही राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत 5 हजार 500 फार्मपौण्ड के लिए डीबीटी हस्तांतरण सहित अन्य अनुदान सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने इस दौरान पशुपालकों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड वितरण, नए डेयरी बूथों का आवंटन, 200 नए बल्क मिल्क कूलर्स की स्थापना और एक हजार नए दूध संकलन केन्द्रों का उद्घाटन की तैयारी के संबंध में भी समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 25 हजार करोड़ से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रमों की भी समीक्षा की।बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अपर्णा अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता एवं पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव एवं अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

**न्यूज़ अपडेट**

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने गुरु नानक जयंती पर देशवासियों को दी बधाई

**नई दिल्ली/एजेंसी।** देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत कई दिग्गज नेताओं ने देशवासियों को गुरु नानक जयंती पर बधाई दी है।

हर साल कार्तिक पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनायी जाती है। इसको गुरु पर्व और प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। इस बार गुरु नानक देव की 555वीं जयंती मनाई जा रही है। तमाम बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से देशवासियों को गुरु नानक जयंती की शुभकामनाएं दी।

देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एक्स' पर लिखा, गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर, मैं देश-विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों, विशेष रूप से सिख समुदाय के भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई देती हूं। गुरु नानक देव जी ने हमें परिश्रम पर आधारित अध्यात्म का मार्ग दिखाया है। उन्होंने सत, संतोष, दया, निमरता और प्यार पर आधारित समाज बनाने की सीख दी है।

उन्होंने आगे लिखा, गुरु नानक देव जी ने सामाजिक जीवन में सांझी-वालता पर जोर दिया है जो कि सामाजिक समरसता का मार्ग है। गुरु नानक जी हमारे लिए प्रकाश स्तंभ हैं। यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम उनके आदर्शों को अपनाकर, सौहार्दपूर्ण और समतामूलक समाज का निर्माण करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु नानक जयंती पर देशवासियों को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा, गुरु नानक देव जी की जयंती पर बधाई। श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमें करुणा, दया और विनम्रता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें।

**दुश्मन देशों की नींद उड़ी :**

# भारत ने पिनाक रॉकेट लॉन्चर सिस्टम का किया सफल परीक्षण

## फ्रांस ने भी दिखाई खरीदने में रुचि

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारत ने पिनाक हथियार प्रणाली के उड़ान परीक्षण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन परीक्षणों के दौरान राकेटों के व्यापक परीक्षण के माध्यम से 'प्रोविजनल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट यानी पीएसक्यूआर के मापदंडों, जैसे कि रेंजिंग, सटीकता, स्थिरता और सैल्वो मोड (सैल्वो तोपखाने या आग्नेयास्त्रों का एक साथ इस्तेमाल है, इसमें लक्ष्य को भेदने के लिए तोपों से गोलीबारी शामिल है) में कई लक्ष्यों पर निशाना साधने की दर का आकलन किया गया है।

12 राकेटों का किया गया परीक्षण

बयान में आगे कहा गया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पीएसक्यूआर वेलिडेशन टेस्ट के भाग के रूप में निर्देशित पिनाक हथियार प्रणाली के उड़ान परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने पुष्टि की कि लांचर उत्पादन एजेंसियों द्वारा अपग्रेड किए गए दो इन-सर्विस पिनाक लांचर से कुल बारह राकेटों का परीक्षण किया गया है।



पिनाक हथियार सिस्टम, दुश्मनों के लिए काल बनकर टूटेगा। इसकी मारक क्षमता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। अब ये 75 किलोमीटर दूर तक 25 मीटर के दायरे में सटीक निशाना लगा सकता है। इसकी रफ्तार 1000-1200 मीटर प्रति सेकेंड है, यानी एक सेकेंड में एक किलोमीटर। फायर होने के बाद इसे रोकना नामुमकिन है। पहले पिनाक की मारक क्षमता 38 किलोमीटर थी, जो अब बढ×कर 75 किलोमीटर हो जाएगी। इसकी सटीकता भी पहले से कई गुना बेहतर हुई है।

### मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता की प्रेरणा का स्रोत है जनजातीय समुदाय : मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनजातीय समाज की गौरवपूर्ण संस्कृति और उनकी मातृभूमि के प्रति अपार निष्ठा को सम्मान देते हुए भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम लखनऊ के गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में 15 से 20 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें भारत के 22 राज्यों के साथ-साथ स्लोवाकिया और वियतनाम के भी कलाकार शामिल हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदाय मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता की प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज न केवल भारत का मूल संप्रदाय है, बल्कि यह समुदाय मातृभूमि के प्रति उच्च भाव से प्रेरित होकर देश की सेवा में सदैव तत्पर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब देश पर विदेशी सत्ता का शिकंजा था, तब भगवान बिरसा मुंडा ने अपने समुदाय के अधिकारों की रक्षा और स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को देश भर में सम्मान देने का महत्वपूर्ण कदम है।

### रुड़की में सड़क हादसा, पलटा वाहन, 4 की मौत

**रुड़की/एजेंसी।** उत्तराखंड के रुड़की में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 घायल बताए जा रहे हैं। सभी शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक स्कॉर्पियो में सवार हो लोग विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रुड़की के चंद्रपुरी जा रहे थे। इस दौरान मंगलौर में अनियंत्रित होकर गाड़ी पलट गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, वहीं अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# ग्रामीण युवा भारत के डिजिटल परिवर्तन का नेतृत्व कर रहे हैं

केंद्र की भाजपा सरकार के साथ–साथ भाजपा शासित राज्य और एनडीए सरकारें ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। हमारा देश लगभग 6 लाख गांवों से बना है। कांग्रेस के शासनकाल में सामाजिक और आर्थिक विकास के मामले में उनकी अनदेखी की गई। कांग्रेस के शासन के दौरान वे तकनीकी उन्नति के मामले में पीछे रह गए। मोदी सरकार ने सभी क्षेत्रों में ग्राम विकास के लिए 360 डिग्री का दृष्टिकोण अपनाया है। ग्रामीण युवाओं को डिजिटल दुनिया से जोड़ना एक महत्वपूर्ण कार्य है। ऱदेश के युवाऱ भारत के भविष्य के पथ प्रदर्शक हैं, जो अपने उत्साह और आविष्कारशीलता के साथ अमृत काल के सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। जैसे–जैसे देश डिजिटल परिवर्तन से गुजर रहा है, इस विस्तार का उद्देश्य न केवल कई क्षेत्रों में दक्षता बढ़ाना है, बल्कि एक ऐसी दुनिया बनाना है जिसमें प्रौद्योगिकी व्यक्तियों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए सशक्त बनाती है। डिजिटलीकरण के उदय ने नई संभावनाओं को जन्म दिया है, जिससे लाखों लोगों को पहले अप्राप्य अवसरों को भुनाने का मौका मिला है। इस वर्ष के विकास को पूर्ण वार्षिक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (जुलाई 2022–जून 2023) में शामिल किया गया है, विशेष रूप से यह कि किस प्रकार ग्रामीण युवा प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं, डिजिटल उपकरणों को रोजमर्रा की जिंदगी में एकीकृत कर रहे हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में अंतर को पाट रहे हैं।

### ग्रामीण भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग

ग्रामीण भारत में जबरदस्त बदलाव हो रहा है, क्योंकि अधिक से अधिक युवा प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं और डिजिटल दुनिया से जुड़ रहे हैं। मोबाइल प्रौद्योगिकी अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है और अधिक से अधिक ग्रामीण युवा अपनी दिनचर्या में डिजिटल उपकरणों को अपना रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, 15–24 वर्ष के 95.7% युवाओं के पास मोबाइल फोन की सुविधा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 97% है। 4जी ग्रामीण आबादी के 99.5% लोगों को कवर करता है। शहरी क्षेत्रों में, 99.8% आबादी के पास 4जी नेटवर्क की सुविधा है। ग्रामीण क्षेत्रों में, 15–24 वर्ष के 82.1% युवाओं के पास अब इंटरनेट कनेक्शन है, जो दर्शाता है कि यह पीढ़ी तेजी से कनेक्ट हो रही है। हालाँकि महानगरीय क्षेत्रों में इस आयु वर्ग के लिए 91.8% इंटरनेट कनेक्टिविटी है, लेकिन यह अंतर धीरे–धीरे कम हो रहा है।

एक व्यापक वार्षिक मॉड्यूलर सर्वेक्षण ने संकेत दिया कि सर्वेक्षण से पहले तीन महीनों में 15–24 वर्ष की आयु के 80.4% ग्रामीण युवाओं ने इंटरनेट का उपयोग किया, जो ग्रामीण भारत में अब तक की सबसे अधिक दर है। इसके विपरीत, महानगरीय क्षेत्रों में उपयोग थोड़ा अधिक (15–29 आयु वर्ग के बीच 91.0%) था। यह विस्तारित प्रवृत्ति ग्रामीण भारत के हृदय में हो रहे तेजी से हो रहे तकनीकी परिवर्तन पर जोर देती है, जो डिजिटल समावेशन और सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत कर रही है।

### प्रौद्योगिकी के उपयोग का उद्देश्य

ग्रामीण भारत की डिजिटल यात्रा जारी है, युवा लोग लगातार नई प्रौद्योगिकी क्षमताएँ प्राप्त कर रहे हैं। हालाँकि हर कोई डिजिटल तकनीकों का पूरी तरह से उपयोग करने में सक्षम नहीं है, लेकिन कई लोग इस बदलते परिदृश्य में आगे बढ़ रहे हैं। सूचना प्राप्त करने के लिए इंटरनेट का उपयोग भी बढ़ रहा है, 15–24 वर्ष के 60.4% युवा सक्रिय रूप से ऑनलाइन जानकारी की तलाश कर रहे हैं। ईमेल और इंटरनेट बैंकिंग तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। ग्रामीण युवाओं के बीच डिजिटल कौशल को लगातार अपनाने से ग्रामीण भारत अधिक जुड़ा हुआ और सशक्त हो रहा है, जहाँ प्रौद्योगिकी नए अवसर और विकास प्रदान करती है।

### यूनिवर्सल कनेक्टिविटी और डिजिटल इंडिया के लिए सरकारी पहल

सरकार ने डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों और नीतियां बनाकर योगदान दिया है, जिसने भारत के कनेक्टिविटी परिदृश्य को नाटकीय रूप से बदल दिया है। डिजिटल इंडिया पहल ने कई प्रौद्योगिकी–आधारित स्टार्टअप और नवाचार योजनाओं को लागू किया है, जिसमें टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन एंड डेवलपमेंट ऑफ़ एंटरप्रेन्योर्स (TIDE 2.0), जेन–नेक्स्ट सपोर्ट फ़ॉर इनोवेटिव स्टार्टअप्स (GENESIS), डोमेन स्पेसिफ़िक सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (CoEs) और नेक्स्ट जेनरेशन इनक्यूबेशन स्कीम (NGIS) शामिल हैं। इसके अलावा, भारत नेट परियोजना, जो ग्रामीण क्षेत्रों को ऑप्टिकल फ़ाइबर लाइनों से जोड़ती है और USOF (यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड) योजना, जो दूरदराज के समुदायों को 4G सेवाएँ प्रदान करती है, को इंटरनेट उपलब्धता बढ़ाने के लिए अपनाया गया है। भारत बीपीओ प्रमोशन स्कीम (IBPS) और नॉर्थ ईस्ट बीपीओ प्रमोशन स्कीम (NEBPS) कम सेवा वाले क्षेत्रों में IT/ITES विकास को प्रोत्साहित करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप नौकरी की संभावनाएँ बढ़ती हैं। पीएम वाणी कार्यक्रम भी चल रहा है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में सार्वजनिक वाई–फाई हॉटस्पॉट प्रदान करना है। इन परियोजनाओं ने मिलकर डिजिटल विभाजन को पाटने और भारत की डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने में मदद हो रही है।

भारत का ग्रामीण डिजिटल विकास युवाओं को प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए सशक्त बना रहा है, जिससे दैनिक जीवन में बड़े बदलाव आ रहे हैं और शहरी–ग्रामीण विभाजन समाप्त हो रहा है। कम लागत वाले हाई–स्पीड इंटरनेट और विभिन्न सरकारी पहलों की उपलब्धता के साथ, ग्रामीण युवा संचार, स्टार्ट–अप, शिक्षा और आर्थिक विकास के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने में सक्षम हो रहे हैं। यह प्रवृत्ति विकास और अवसर को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका की बढ़ती समझ को दर्शाती है। जैसे–जैसे डिजिटल साक्षरता और बुनियादी ढाँचा बेहतर होता है, ग्रामीण युवा देश की भविष्य की कनेक्टिविटी और समावेशिता में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार हैं।

# क्या भारत एक स्वस्थ युवाओं का देश भी है?



डॉ नीलम महेंद्र

वर्तमान भारत जिसके विषय में हम गर्व से कहते हैं कि यह एकयुवा देश है, क्या हम उसके विषय में यहभी कह सकते हैं कि भारत स्वस्थ युवाओं का देश है? यह प्रश्न अनायास नहीं है अपितु यह प्रश्न उन सर्वेक्षणों के आधार पर है जिनमें हमारे बच्चों में टाइप 2 मधुमेह के बढ़ते मामलों का गम्भीर विषय सामने आया है। कभी वयस्कों में देखी जाने वाली बीमारी मधुमेह अब युवाओं और बच्चों तक को एक बड़ी संख्या में अपनी चपेट में ले चुकी है। विडम्बना यह है कि खानपान की आदतों के कारण होने वाली मधुमेह जैसी बीमारी के ये बढ़ते आँकड़े ऐसे देश में सामने आ रहे हैं जहाँ बचपन की स्वास्थ्य समस्याएँ पहले मुख्य रूप से कुपोषण और संक्रामक रोगों से संबंधित थीं। लेकिन अधिक चिंताजनक विषय यह है कि देश के युवाओं में मधुमेह रोग जिस प्रकार अपने पैर पसार रहा है उसके दूरगामी प्रभाव सिर्फ इन युवाओं के स्वास्थ्य पर ही नहीं बल्कि देश के भविष्य पर भी निश्चित तौर पर पढ़ेंगे।

इस विषय में सबसे निराशाजनक पहलू यह है कि देश की युवा पीढ़ी में मधुमेह के बढ़ते मामले आधुनिक जीवनशैली से जुड़े हैं। क्योंकि एक तरफ वर्तमान जीवन शैली के चलते हमारी शारीरिक गतिविधियां सीमित हो रही हैं वहीं दूसरी तरफ डिजिटलाईजेशन के परिणामस्वरूप हमारा स्क्रीन टाइम बढ़ जा रहा है। आज मोबाइल फोन, वीडियो गेम और डिजिटल मनोरंजन के साधन बच्चों के जीवन का मुख्य केंद्र बन गए हैं। इनसब के बीच शारीरिक खेल और बाहरी गतिविधियाँ बच्चों के जीवन में से कहीं पीछे छूट गई हैं। जैसे-जैसे तकनीक अधिक सुलभ होती जा रही है, बच्चे स्क्रीन के सामने अधिक समय व्यतीत रहे हैं और दौड़ने या खेल में कम समय बिता रहे हैं। यह वाकई में चिंताजनक है कि जीवनशैली का यह बदलाव सिर्फ़ बच्चों के समय बिताने के तरीके को ही नहीं बदल रहा है बल्कि यह उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहा है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की हालिया रिपोर्ट से यह गम्भीर विषय सामने आया है। राष्टीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह पाया गया कि पिछले पाँच वर्षों में 5-14 वर्ष की आयु के बच्चों में टाइप 2 मधुमेह की घटनाओं में 65% की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट में यह चौंकाने वाली बात भी सामने आई है कि यह वृद्धि केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में भी देखी जा रही है। नेशनल हेल्थ मिशन की इस रिपोर्ट को पढ़ने पर यह विचलित करने वाला तथ्य सामने आया कि ग्रामीण जिलों में, बच्चों में बढ़ते मोटापे के



कारण उनमें टाइप 2 मधुमेह होने का खतरा एक से तीन गुना बढ़ गया है। बल्कि वास्तविकता तो यह है कि कई बच्चे अब वयस्क होने से बहुत पहले ही इस बीमारी की शुरुआत (प्री डाइबेटीस) का सामना कर रहे हैं।

विभिन्न रिसर्चो के माध्यम से आज यह बात सिद्ध हो चुकी हैकि टाइप 2 मधुमेह एक जीवनशैली से जुड़ी बीमारी है। यह तब होती है जब हमारा शरीर इंसुलिन के प्रति प्रतिरोधी हो जाता है या जब अग्न्याशय सामान्य रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में असमर्थ होता है। अधिकांश तौर पर यह बीमारी वयस्कों से जुड़ी होती है, लेकिन गतिहीन जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर आहार और मोटापे के कारण आज यह बच्चों में भी तेजी से अपने पैर पसार रही है। बच्चों में बाल्यावस्था में ही मधुमेह का बढ़ना चिंताजनक है क्योंकि न सिर्फ यह तात्कालिक स्वास्थ्य सम्बन्धी उलझने पैदा करती है बल्कि इस बीमारी के साथ होने वाली दीर्घकालिक जटिलताओं के कारण हृदय संबंधी समस्याएं, गुर्दे की बीमारी, तंत्रिका क्षति और यहां तक कि दृष्टि हानि भी हो सकती है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, पिछले दशक में टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित बच्चों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। 2023 में, भारत में अनुमानित 2 मिलियन बच्चे इस बीमारी से पीड़ित थे, और विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों में यह संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगी। यह समस्याविशेष रूप से शहरों में अधिक गंभीर है, जहाँ बच्चों के पास चीनी और वसा से भरपूर फास्ट फूड के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के दबाव के कारण उनकी खेल कूद जैसी शारिरिक गतिविधियां न के बराबर हो चुकी हैं। परिणामतः जो बच्चे कभी क्रिकेट, फुटबॉल खेलने या अपने दोस्तों के साथ बस इधर-उधर दौड़ने का सपना देखते थे, वे अब इंसुलिन इंजेक्शन, डॉक्टर के पास जाने और आहार प्रतिबंधों की दिनचर्या तक सीमित रह गए हैं। जिन बच्चों को अपने बचपन का आनंद लेना चाहिए, वे जीवन भर की बीमारी से निपटने के भारी बोझ के साथ बड़े हो रहे हैं।

माता-पिता के लिए, यह स्थिति और भी ही दुखद है। अपने बच्चों को स्वस्थ और मजबूत होते देखने की खुशी की जगह एक जटिल बीमारी से निपटने की जद्दोजहद ने ले ली है। क्योंकि औसत भारतीय बच्चा आज औसतन 4-5 घंटे प्रतिदिन डिजिटलउपकरणों पर बिताता है। जबकि यह अनुशंसित स्क्रीन समय से काफी अधिक है। क्योंकि वैश्विक स्वास्थ्य दिशानिर्देशों के अनुसार बच्चों के लिए यह समय प्रतिदिन दो घंटे से अधिक नहीं होना चाहिए। मोबाइल फोन, टैबलेट और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग हमारी शारीरिक गतिविधियों को सीमित कर देता है।

शारिरिक गतिहीन जीवन शैली के अतिरिक्त आहार की हमारी बदलती आदतें भी इन परिस्थितियों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। पारंपरिक, घर का बना खाना, जो कभी भारतीय परिवारों की पहचान था, आज उसकी जगह फास्ट फूड और पैकेज्ड स्नैक्स ने ले ली है। ये खाद्य पदार्थ न केवल कैलोरी बहुल होते हैं बल्कि वसा, शर्करा और लवण जैसे तत्वों से भी भरपूर होते हैं जो मानव शरीर में इंसुलिन के प्रतिरोध और मोटापे को बढ़ाने का अहम कारण हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक रिपोर्ट के अनुसार शहरी क्षेत्रों में लगभग 40% बच्चे नियमित रूप से फास्ट फूड का सेवन कर रहे हैं। गौरतलब है कि बचपन में होने वाले मधुमेह का असर सिर्फ़ बच्चों पर ही नहीं पड़ता, बल्कि परिवारों पर, उनके माता पिता पर भी पड़ता है और कालांतर में युवा रोगियों की बढ़ती संख्या का प्रभाव कहीं न कहीं देश की उन्नति और उसके भविष्य पर भी पड़ता है।

लेकिन अच्छी खबर यह है कि मधुमेह, ख़ास तौर पर टाइप 2 मधुमेह को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देकर और शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करके, हम मौजूदा आंकड़ों को पलट सकते हैं। अनेक रिसर्चों में यह बात सिद्ध हो चुकी है कि जिन लोगों ने स्वस्थ आहार विहार और शारीरिक गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करके अपनी जीवन शैली में बदलाव किया वे काफी हद तक मधुमेह से लड़कर जीते भी हैं। आज जब हम इस संकट का सामना कर रहे हैं तो एक देश के रूप में, एक समाज के रूप में, इस देश के एक जागरूक नागरिक के रूप में, माता पिता के रूप में हमें यह समझना चाहिए कि इस देश के हर बच्चे को स्वस्थ, सक्रिय जीवन जीने का मौकामिलना चाहिए। आइए सुनिश्चित करें कि वे मैदानों में खेलें, दोस्तों के साथ तितलियों के पीछे दौड़ें, अपने बचपन को स्क्रीन केआगे नहीं बाग बगीचों और खुले मैदानों में जिएं ताकि मधुमेह बीमारियों के बोझ सेमुक्त होकर बड़े होने का सपना देख सकें और देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें।

**(लेखिका वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)**

# भारतीय गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा लागू करने में बाधाएं



प्रियंका सौरभ

प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की नींव होती है, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ 65% से ज़्यादा आबादी रहती है। फिर भी, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएँ देने में लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ज़्यादातर ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में बिजली, स्वच्छ पानी और उपकरण जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021 के अनुसार, 8% से ज़्यादा स्वास्थ्य सेवा केंद्र बिना बिजली के काम करते हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में डॉक्टरों और नर्सों सहित प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की भारी कमी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 2022 के अनुसार भारत में स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में 23% डॉक्टरों की कमी है। लंबी दूरी और खराब परिवहन नेटवर्क के कारण दूरदराज के इलाकों में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, जिससे मरीजों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच प्रभावित होती है। उत्तराखंड जैसे पहाड़ी क्षेत्रों के 40% से ज़्यादा गाँवों में नज़दीकी स्वास्थ्य सेवा केंद्र तक पहुँच नहीं है। कम साक्षरता स्तर और स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं का कम उपयोग होता है। बिहार जैसे राज्यों में कम जागरूकता के कारण टीकाकरण दर कम बनी हुई है। भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1.3% स्वास्थ्य सेवा पर ख़र्च करता है (आर्थिक सर्वेक्षण 2023), जो ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपर्याप्त है। पीएचसी में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने, बिजली, स्वच्छ पानी और आवश्यक उपकरण सुनिश्चित करने में निवेश करें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करने के लिए अतिरिक्त धन आवंटित कर सकता है। डॉक्टरों और नर्सों के लिए उच्च वेतन, आवास और ग्रामीण भत्ते जैसे प्रोत्साहनों के माध्यम से भर्ती और प्रतिधारण को बढ़ाएँ। तमिलनाडु जैसे राज्य ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने के लिए डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण सेवा लाभ प्रदान करते हैं। दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रदान



करने के लिए टेली मेडिसिन और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों के उपयोग का विस्तार करें। ग्रामीण भारत में टेली कंसल्टेशन प्रदान करने के लिए ई-संजीवनी का सफलतापूर्वक उपयोग किया गया है। मातृ और बाल स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में समुदाय-आधारित जागरूकता कार्यक्रम चलाएँ। ग्रामीण इलाकों में मातृ देखभाल को बढ़ावा देने में आशा कार्यकर्ता प्रभावी रही हैं। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 द्वारा अनुशंसित सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के कम से कम 2.5% तक बढ़ाएँ। थाईलैंड जैसे देशों ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में निरंतर निवेश के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार किया है।

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में चुनौतियाँ सिर्फ़ मरीज़ों तक सीमित नहीं हैं; वे स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के कंधों पर भी भारी बोझ डालती हैं। डॉक्टरों के सामने आने वाली कठोर वास्तविकता हैं-हिंसा, अपर्याप्त आवास और ढहते बुनियादी ढाँचे। ये कारक यहाँ सरकारी अस्पतालों में काम करने के लिए कई लोगों को रोकते हैं। विशेषज्ञों को लाने के प्रयासों के बावजूद, ऐसे पेशेवरों की कमी का मतलब अक्सर यह होता है कि मरीजों को इलाज़ के लिए अस्पतालों में भेजा जाना चाहिए। "कोविड-19 महामारी हमारी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एक चेतावनी थी, फिर भी इस क्षेत्र में कोई अतिरिक्त निवेश नहीं हुआ है। सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में ग्रामीण भारत के लोग, विशेष रूप से पहाड़ों, जंगलों और रेगिस्तानों में रहने वाले लोग, बीमारी का सामना करने पर खुद का ख़्याल रखना जारी रखते हैं-अक्सर बीमारी के गंभीर होने तक देखभाल में देरी करते हैं, बिल्कुल भी देखभाल नहीं करते हैं या अनौपचारिक, खराब गुणवत्ता वाले प्रदाताओं से देखभाल लेते हैं। जब वे स्वास्थ्य सेवा लेने में सक्षम होते हैं, तब भी उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, उन्हें खराब गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा मिलती है और अक्सर इस प्रक्रिया में वे कर्ज़ में डूब जाते हैं।"

ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुँच बढ़ाने के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपकरण, टेलीमेडिसिन, अभी भी महत्त्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। विशेषज्ञों की उपलब्धता को संरेखित करना, यह सुनिश्चित करना कि रोगियों को इंटरनेट और बिजली जैसे आवश्यक बुनियादी ढाँचे तक पहुँच हो और विशेषज्ञों द्वारा अक्सर सामना की जाने वाली भारी नैदानिक ज़िम्मेदारियों का प्रबंधन करना, ये सभी बाधाएँ हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता है। एआई टेलीमेडिसिन परामर्शों को अनुकूलित करके, उपलब्धता के आधार पर मामलों को सही केंद्रों तक पहुँचाकर और एक जिलाव्यापी, एआई-सक्षम, हब-एंड-स्पोक मॉडल का समर्थन करके इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर सकता है जो नियुक्ति संतुष्टि दरों में सुधार कर सकता। इसके अलावा, एआई की क्षमता ऑडिटिंग और धोखाधड़ी नियंत्रण तंत्र में सुधार तक फैली हुई है, जो आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) जैसे कार्यक्रमों में संसाधन रिसाव को रोकने के लिए महत्त्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करके कि संसाधनों का प्रभावी और नैतिक रूप से उपयोग किया जाता है, एआई ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणालियों की समग्र अखंडता को मज़बूत करने में मदद कर सकता है। ग्रामीण भारत में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा को मज़बूत करना सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करने और ग्रामीण स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक है। केंद्रित बुनियादी ढांचे का विकास, कार्यबल प्रोत्साहन और डिजिटल नवाचार मौजूदा अंतराल को पाट सकते हैं, जिससे सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सकती है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अरबों खरबों खर्च हो गये लेकिन गंगा स्वच्छता अभी दूर की कौड़ी!



मनोज कुमार अग्रवाल

मोदी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट 'नमामि गंगे' पर सरकारी खर्च में 15 गुना वृद्धि हुई है। अरबों खरबों खर्च करने के बाद भी गंगा नदी का जल पीने योग्य नहीं है। आखिर कौन सरकारी भ्रष्टाचार का तंत्र है जो गंगा नदी की सफाई के लिए गंभीर होने के स्थान पर जेब भर रहे हैं?

आप जानते हैं कि नमामि गंगे मिशन के तहत 2015 से कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं, लेकिन सबसे महंगी और सबसे महत्वपूर्ण परियोजना सीवेज-प्रबंधन बुनियादी ढांचे का विकास है। कुल मिलाकर, विभिन्न नमामि गंगे परियोजनाओं के तहत लगभग 37,550 करोड़ मंजूर किए गए हैं, लेकिन जून 2024 तक केवल 18,033 करोड़ ही खर्च किए गए हैं, रिकॉर्ड बताते हैं। अकेले सीवेज इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की लागत 15,039 करोड़ है।

12 जुलाई को परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक के रिकॉर्ड में कहा गया है, "एनएमसीजी के महानिदेशक (राजीव मित्तल) ने पाया कि अब तक व्यय की गति बेहद धीमी है।" उन्होंने उत्तर प्रदेश के अधिकारियों से पूछा, जहां अधिकांश परियोजनाएं हैं, व्यय कम क्यों है। जवाब में, प्रतिनिधि ने कहा कि जौनपुर, कासगंज, वाराणसी, बरेली, सलोरी और आगरा में छह परियोजनाओं पर 15.16 करोड़ खर्च किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल या तिमाही की शुरुआत में जो धनराशि आई है, वह जून के मध्य में प्राप्त हुई है। अधिकारी ने कहा, "25 करोड़ का भुगतान प्रक्रियाधीन है।"

आपको बता दें कि इस योजना के तहत गंगा सफाई में खर्च होने वाला फंड चालू वित्त वर्ष के अंत तक सभी उच्च स्तर पर पहुंच सकता है। स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा ''वर्तमान देनदारियों और स्वीकृत परियोजनाओं के आधार पर हमें नमामि गंगे के तहत वास्तविक व्यय 3,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। यह गंगा को साफ करने के लिए एक साल में खर्च की जाने वाली उच्चतम राशि होगी।यह राशि गंगा और उसकी सहायक नदियों की योजनाओं और परियोजनाओं पर खर्च की जाएगी, जिसमें नए एसटीपी के कमीशन के अलावा मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का पुनर्वास और उन्नयन शामिल है। नमामि गंगे योजना 2014-15 में मोदी सरकार द्वारा लॉंच की गई थी। पहले वर्ष में वास्तविक व्यय 170.99 करोड़ रुपये से बढ़कर 2018-19 में 2,626.54 करोड़ रुपये हो गया। इस योजना के तहत अबतक 298 प्रोजेक्ट सैंक्शन हुए हैं जिसमें 40 एसटीपी से संबंधित हैं। केंद्र सरकार ने 2015-2020 के बीच में




गंगा की सफाई पर खर्च करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

अब जरा गौर करें राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी को हमें एक गंभीर चेतावनी के रूप में लेना होगा, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है। कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश-दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी-भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा की यह हालत करने के गुनहगार? विडंबना देखिये कि तमाम सख्ती के बावजूद सैकड़ों खुले नाले गंगा में गंदा पानी गिरा रहे हैं। तमाम उद्योगों का अपशिष्ट पानी अनेक जगह गंगा में गिराया जा रहा है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' शुरू किया गया था। बताया जाता है कि अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। सिर्फ सरकारी प्रयास काफी नहीं हैं। दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य श्रृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में अघुलनशील कचरा व अन्य अपशिष्ट डालने से रोकने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। यदि जागरूकता व प्रेरित करने से बात नहीं बनती तो इसके लिये जुर्माने का प्रावधान भी होना चाहिए। साथ ही गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। एक बात तो तय है कि सरकार के साथ जब समाज की जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, गंगा का साफ होना असंभव जैसा हो जाएगा। गंगा सिर्फ बहती नदी नहीं है हमारे पुरखों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। गंगा मुक्तिकामी भी है। जीवनदायिनी भी है। ऐसे में केंद्र सरकार की नमामि गंगा परियोजना में राज्यों की भागीदारी और जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए।

क्या गंगा की स्वच्छता का मिशन बिना जनजागृति के पूरा हो सकता है? कहीं न कहीं गंगा को मां का दर्जा देने के लिए दिलों में आस्था और श्रद्धा का ज्वार पैदा करना होगा बस उसी दिन गंगा स्वच्छ हो जाएगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# 29वीं राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

## एक दूसरे के सषक्त और कमजोर पक्ष को जानने का माध्यम है खेल : डॉ. रश्मी शर्मा

चमकता राजस्थान





**जयपुर (खलील कुरैशी)** । आयोजन समिति के संयोजक एवं मुख्य अभियंता-प्रथम श्री अमित अग्रवाल द्वारा समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. रष्मी शर्मा, आवासन आयुक्त महोदया का शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। श्रीमती मीनाक्षी पाठक, वरिष्ठ लेखाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि महोदय के बैज लगाया गया। डॉ. रष्मी शर्मा द्वारा नीरजा मोदी स्कूल मानसरोवर, जयपुर के खेल मैदान में गुब्बारे हवा में उड़ाकर एवं फुटबॉल के कीक लगाकर 29वीं राजस्थान आवासन मण्डल कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। डॉ. रष्मी शर्मा ने सभी खिलाड़ियों से परिचय किया। श्री प्रतीक श्रीवास्तव, आयोजन समिति अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता-प्रथम द्वारा समारोह अध्यक्ष श्री प्रवीण अग्रवाल को माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। श्री संजय शर्मा, आयोजन सचिव द्वारा समारोह अध्यक्ष के बैज लगाया गया। श्री संजय शर्मा, आयोजन सचिव द्वारा आयोजन समिति के संयोजक मुख्य अभियंता श्री अमित अग्रवाल एवं राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेष अध्यक्ष श्री दषरथ कुमार का माल्यार्पण एवं बैज लगाकर स्वागत किया। श्री संजय शर्मा, आयोजन सचिव द्वारा केन्द्रीय खेलकूद संचालन समिति के संयोजक श्री दारा सिंह एवं अन्य सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर डॉ. रष्मी शर्मा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से एक दूसरे खिलाड़ियों के सषक्त और कमजोर पक्ष को जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि आज कि तनावग्रस्त समय में बहुत से लोग विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों के षिकार हो जाते हैं उससे बचने के लिए इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता निभाना एक कारगर उपाय हैं। इससे हमारी शारीरिक, मानसिक एवं व्यावसायिक कार्य क्षमता का भी विस्तार होता है।

उन्होंने खिलाड़ियों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि इन प्रतियोगिताओं से समूह समुदाय के साथ जुड़ाव के साथ ही बन्धुत्व एवं सद्भाव की भावना भी बलवती होती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री प्रवीण अग्रवाल, मुख्य सम्पदा प्रबन्धक, राजस्थान आवासन मण्डल ने कहा कि खेलों से शारीरिक मजबूती के साथ ही टीम भावना एवं राजनैतिक कौषल का भी विकास होता हैं। उन्होंने कहा कि खेलों की प्रत्येक प्रतियोगिता में हार-जीत होती है जो हमें और बेहतर प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है। खेलकूद के प्रथम दिवस पर मुख्यालय टीम 100 मी., 200 मी. एवं 400 मी. दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम रही। प्रथम दिवस में दौड़ के अलावा फुटबॉल, क्रिकेट, बॉलीवॉल, बास्केटबॉल, कैरम आदि के लीग मैच आयोजित किये गये।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री टी.एस.मीणा, वित्तीय सलाहकार श्री रोहताष यादव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री प्रतीक श्रीवास्तव, उप आवासन आयुक्त श्री संजय शर्मा, राजस्थान आवासन बोर्ड केन्द्रीय खेलकूद संचालक समिति के संयोजक श्री दारा सिंह, कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष श्री भगवती प्रसाद, महामंत्री श्री प्रदीप शर्मा, संयुक्त महामंत्री श्री रमेष चन्द शर्मा एवं श्री गोविन्द नाटाणी सहित वरिष्ठ अधिकारी व प्रदेष के सभी कार्यालय से आये कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

विद्युत एमनेस्टी योजना

### 31 दिसम्बर, 2023 तक कटे कनेक्शन की बकाया राशि एकमुश्त जमा कराएं

- ब्याज व पेनल्टी में शत-प्रतिशत छूट पाएं
- योजना 31 दिसम्बर, 2024 तक लागू

**चमकता राजस्थान/जयपुर, 15 नवम्बर।** 31 दिसम्बर 2023 तक विद्युत विपत्र की बकाया राशि जमा नही कराने के कारण कटे हुए विद्युत कनेक्शन की बकाया राशि बिना ब्याज व पेनल्टी के जमा कराने हेतु ऊर्जा विभाग द्वारा एमनेस्टी योजना लागू की हुई है। यह योजना सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए लागू है और दिसम्बर, 2023 तक कटे हुए कनेक्शन के उपभोक्ता अपनी बकाया राशि 31 दिसम्बर, 2024 तक एकमुश्त जमा करवाकर ब्याज व पेनल्टी में छूट का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को सम्बन्धित सहायक अभियन्ता कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। डिस्कॉम चेयरमैन व जयपुर डिस्कॉम की प्रबन्ध निदेशक सुश्री आरती डोगरा ने बताया कि एमनेस्टी योजना जयपुर, जोधपुर एवं अजमेर तीनों विद्युत वितरण निगमों के उपभोक्ताओं के लिए लागू है। इस योजना के अन्तर्गत उपभोक्ता बकाया राशि जमा करवाकर विद्युत कनेक्शन को जुड़वा भी सकते हैं, जिसके तहत कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं के कटे हुए कनेक्शन कृषि नीति के प्रचलित प्रावधानों के अनुसार जोड़े जाएंगे जबकि अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं के कनेक्शन टीसीओएस-2021 के प्रावधानों के अनुसार जोड़े जाएंगे।

उन्होंने बताया कि एमनेस्टी योजना का लाभ केवल ऐसे उपभोक्ताओं को ही मिलेगा जिन्होंने विगत 3 वर्षों में इस तरह की योजनाओं का लाभ नहीं लिया है और बिजली चोरी व दुरूपयोग के मामले इसके अन्तर्गत शामिल नहीं होंगे। इसके साथ ही विद्युत बिल राशि सम्बन्धित मामला न्यायालय में लम्बित होने पर उपभोक्ता द्वारा एक महिने के अन्दर न्यायालय से प्रकरण वापस लिए जाने का शपथ-पत्र प्रस्तुत करने पर ही योजना का लाभ देय होगा।

उपभोक्ता मूल बकाया राशि से सम्बन्धित विवाद का निस्तारण करवाना चाहते हैं तो पहले सम्बन्धित आंतरिक शिकायत निस्तारण प्रकोष्ठ क्क्क्र ऊी'' उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम उक्क्र में आवेदन करना होगा एवं सम्बन्धित फोरम के निर्णयानुसार एमनेस्टी योजना का लाभ मिल सकेगा। ऐसे मामलों में उपभोक्ता को एक शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि फोरम द्वारा किया गया निर्णय उसे स्वीकार्य है एवं यदि कोई प्रकरण न्यायालय में है तो उसे वापस ले लिया गया है।

डिस्कॉम की उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे योजना अवधि में बिजली की बकाया राशि बिना ब्याज व पेनल्टी के जमा करवाने की सरकार द्वारा दी गई सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### देव दीपावली पर महापौर कुसुम यादव ने किया दीप दान



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा के अवसर पर देव दीवाली के पावन पर्व पर हेरिटेज निगम महापौर कुसुम यादव ने गलता तीर्थ में दीप दान किया। इस अवसर पर महापौर कुसुम यादव सहित सैकड़ों महिलाओं ने गलता तीर्थ की आरती उतारी। महापौर ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा को देव दीवाली के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान शहर की सैकड़ों महिलाओं ने गलता तीर्थ में स्नान पुण्य कमाया और दीपक जलाकर कर मनोकामना मांगी। इस अवसर पर हेरिटेज निगम की ओर विशेष सफाई व्यवस्था की गई। साथ ही रंगोली बनाकर भव्य सजावट भी की गई।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गुरू नानकदेव के प्रकाश पर्व और भगवान बिरसा मुण्डा की जयंति पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

### देवली उनियारा मामले पर चुनाव आयोग की पेनी नजर, उचित कार्रवाई होगी: मदन राठौड़

चमकता राजस्थान





**जयपुर, 15 नवंबर 2024।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज सिख धर्म के प्रथम गुरू गुरूनानक देव के जन्मोत्सव और भगवान बिरसा मुण्डा की जयंति के अवसर पर प्रदेश कार्यालय में उनके चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजा पार्क स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में संगत के दर्शन कर मत्था टेका और कीर्तन श्रवण किया। इस दौरान राठौड़ ने लंगर सेवा कर प्रसाद ग्रहण किया।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज दो महापर्व एक साथ मनाने का सौभाग्य हमें मिल रहा है। एक ओर समाज के गौरव भगवान बिरसा मुण्डा जंयति और दूसरी ओर गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व एक साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं वर्षगांठ मनाने का आह्वान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि देवली उनियारा में जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा किसी कीमत पर नहीं होना चाहिए था। अगर किसी जनप्रतिनिधि को कोई शिकायत थी तो वह चुनाव आयोग या सक्षम स्तर पर पहुंचता, हिंसा या बल प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस मामले में चुनाव आयोग नजर बनाए हुए है, उनके स्तर पर कानून उचित कार्रवाई करेगा। अगर आवशयकता पड़ी तो चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के बाद सरकार के स्तर पर भी इस घटना का मूल्यांकन किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि एक ओर अशोक गहलोत यह स्वीकार कर रहे है कि नरेश मीणा कांग्रेस का सदस्य था, वहीं दूसरी ओर वे सवाल उठा रहे है। यह गहलोत का फेल्योर ही माना जाएगा। गहलोत को चुनाव आयोग पर विश्वास करना चाहिए और आचार संहिता का पालन करते हुए अनर्गल बयानबाजी से बचना चाहिए। भाजपा और प्रदेश सरकार चुनाव आयोग पर पूर्ण विश्वास रखती है, आयोग निष्पक्ष रूप से अपना कार्य करेगा। राठौड़ ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर हमले की भी कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मीडियाकर्मियों पर हमला कतई बर्दाश्त नहीं होगा। पत्रकारों पर हमला लोकतंत्र पर हमला है।

## नेशनल आयुर्वेद यूथ कॉनक्लेव संयोजनम् -2024 का शुभारंभ

- आयुर्वेद जीवन जीने की कला : ऊर्जा मंत्री

**चमकता राजस्थान/जयपुर, 15 नवम्बर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर, आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर तथा विश्व आयुर्वेद परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में तीन दिवसीय नेशनल आयुर्वेद यूथ कॉनक्लेव-संयोजनम-2024 का शुभारंभ ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को किया।




उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्री नागर ने कहा कि आयुर्वेद हमारी चिकित्सा पद्धति ही नहीं, यह जीवन जीने की कला है। यह हमें सिखाती है कि कैसे हम अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करके अपने स्वास्थ्य को इससे लाभ दे सकें। हमारे दादी-नानी के नुस्खे आयुर्वेद पर ही आधारित होते थे। छोटे-छोटे नुस्ख़ों से हमें स्वस्थ रखा जाता था और कई रोगों का इलाज किया जाता था। आयुर्वेद हमारी संस्कृति और संस्कारों में विद्यमान रहा। समय के साथ परिवर्तन हुआ और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति लोकप्रिय होती गई। जिस प्रकार योग की विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनी। इसी प्रकार आयुर्वेद की एक चिकित्सा पद्धति के रूप में विश्व में अपनी अलग पहचान स्थापित हो चुकी है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कहा आयुर्वेद का इलाज आमजन की पहुंच में है। आयुर्वेद हमारे देश का खजाना है। आयुर्वेद सही तरीके से उपयोग करने पर इसका किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं है। आयुर्वेद हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ है।

एनसीएसएम चेयरमैन जयंत देव पुजारी ने कहा कि हमें आयुर्वेद के साथ जुड़ना चाहिए। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में देशभर से आयुर्वेद के शिक्षक, चिकित्सक, शोधार्थी भाग ले रहे है।

इस अवसर पर राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति, विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल भी उपस्थित थे।

## श्रीनगर फोर व्हीलर में लगी आग



**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक । अजमेर।** नसीराबाद राजमार्ग संख्या 48 श्रीनगर खेड़ा चौराहे पर जाटिया डिवाइडर कट पर शुक्रवार रात्रि एक क्यूट कार शॉर्ट सर्किट व इंजन गर्म हो जाने के कारण पूरी तरह जलकर तय राख हो गई। सहायक उप निरीक्षक हनुमान चौधरी बताया कि छोटा लांबा निवासी हेमंत पुत्र पप्पू जाती बेरवा शुक्रवार रात्रि 9:00 बजे करीब अपने चार अन्य साथियों के साथ गांव से पुष्कर मेला देखने के लिए जा रहे थे रात 9:00 बजे करीब नेशनल हाईवे खेड़ा चौराहा जातीय डिवाइडर कट पर क्यूट गाड़ी में शॉर्ट सर्किट वह गाड़ी गर्म होने से अचानक आग लग गई और कर पूरी तरह से जल गई। सूचना मिलने पर सहायक उप निरीक्षक हनुमान चौधरी मौके पर पहुंचे एवं आग पर ग्रामीणों की सहायता से काबू पाया। मौके पर ही जातियां बस्ती होने के कारण पूर्ण सरपंच रामकरण यादव विजय सिंह यादव रामचरण यादव भवानी शंकर यादव गणेश यादव प्रभु लाल यादव आदि मौके पर पहुंच गए। कर में सवार सभी चार साथियों को कर कुशल बाहर निकाल लिया गया। । आग लगने पर बुझाने से थुए का गब्बर उठ पड़ा । आग की लपटों से एकाएक सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों और के यातायात को रुकवाया। पानी के टैंकर से जलती हुई कार की लपटों कोबुझाया गया। कर को हाइड्रो की सहायता मौके से हटाकर यातायात का सुचारु किया । अचानक हुए हादसे की जानकारी मिलने पर खेड़ा चौराहे पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही की हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। कर के चालक आरी रोड की ओर से आए थे फिर हाईवे पर आने के बाद डिवाइडर कट से श्रीनगर अजमेर रोड के लिए पुष्कर जाना था इस बीच डिवाइडर कट पर अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई।।

## भाजपा एसटी मोर्चा की ओर से बस्सी में प्रदेश स्तरीय जनजाति गौरव दिवस मनाया

# कांग्रेस ने आदिवासी महापुरूषों के बलिदान को तोड़-मरोडकर लोगों के सामने किया पेश: डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल

### देश के काले अंग्रेजों ने जनजातियों के महापुरूषों द्वारा आजादी में दिए बलिदान को इतिहास में नहीं दिया स्थान: डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल

चमकता राजस्थान






**बस्सी,(जयपुर) 15नवम्बर।** भाजपा एस.टी. मोर्चा राजस्थान प्रदेश द्वारा बस्सी स्थित तिलक पी.जी. कॉलेज में भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जन्म जयंती जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी, राज्यसभा सांसद डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल एवं विशिष्ठ अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोती लाल मीना रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक एस.टी. मोर्चा नारायण मीना ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके एवं भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्यय एवं डॉ. शयामा प्रसाद मुखर्जी एवं बिरसा मुण्डा के चित्रों पर पुष्पाजंलि अर्पित कर की गई।

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासी महापुरूषों के बलिदान को तोड़-मरोडकर लोगों के सामने पेश किया। डॉ अग्रवाल ने महापुरूषों की वीर गाथा का गुणगान किया और कहा कि आजादी के आन्दोलन में पहला बलिदान तिलक मांझी ने दिया, किंतु देश से गोरे अंग्रेज चले गए। यहां के काले अंग्रेजों ने जनजातियों के आजादी के बलिदान एवं प्रथम स्वतंत्रता आन्दोलन में दिए गए बलिदान को इतिहास में स्थान नहीं दिया। सिद्धू मुर्मू, कान्हू मुर्मू चांद मुर्मू एवं भैरव मुर्मू ने 1855-56 संथाल विद्रोह का आन्दोलन किया तथा नारा दिया '' करो या मरो अंग्रेजो हमारी माटी छोडो '' तथा रानी गाइदिन्ल्यू आदि जनजाति नायको का जिक्र किया। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार के जमुई से सम्बोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम स्थल पर बिरसा मुण्डा एवं आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों की व्यक्तित्व एवं कृतत्व की प्रदर्शनी लगाई गई।

मोर्चा के प्रदेश संयोजक नारायण मीना ने स्वागत भाषण में कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने 15 नवम्बर 2021 से केबिनेट में प्रस्ताव पारित कर बिरसा मुण्डा की जन्म जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मानने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। केवल भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिन्होने जनजातियों के विकास की ठोस योजनाऐं बनाई है।

कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शेरसिंह मीना ने किया। इस दौरान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र मीना, प्रदेश मंत्री कालूराम मीना, विनोद मीना, मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी एवं सह प्रभारी मानसिंह मीना, दलपत मीना आदि ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीना, भाजपा जिला देहात दक्षिण के जिला महामंत्री हरिमोहन शर्मा एवं जिला मंत्री हेमन्त मीना भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। इस अवसर पर भाजपा के सभी कार्यकर्ता एवं एस.टी. मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में पर्यटन विभाग की ओर से 'कल्चरल डायरीज श्रृंखला' का हुआ आगाज

## दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के पहले दिन अल्बर्ट हॉल में आयोजित हुई सांस्कृतिक संध्या

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 नवंबर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अभिनव पहल और निर्देशों पर राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से लोक कला और कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए और उनको आजीविका के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए ₹कल्चरल डायरीज श्रृंखला₹ के तहत दो दिवसीय (15 व 16 नवम्बर ) सांस्कृतिक संध्या के पहले दिन शुक्रवार को रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थान की लोक कला एवं संस्कृति को वैश्विक पटल पर प्रस्तुत करने, लोक कलाकारों को नया मंच प्रदान की दृष्टि से उक्त सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। जिसके पश्चात शेखावाटी अंचल के प्रसिद्ध कच्छी घोड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात राजस्थान मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात राधा कृष्ण ने फूलों की होली खेली जिससे प्रदेश के उत्तर-पूर्व में स्थित ब्रज अंचल की कला-संस्कृति भव्य रूप में साकार हुई।

### लोक कला और कलाकारों को मिलेगा प्रोत्साहन और आत्म संबलः दिया कुमारी


श्रीकृष्ण-राधा की प्रेमरसमयी और लठमार होली के रंगों व फूलों से साराबोर नृत्य की प्रस्तुति देख दर्शक भी थिरकने लगे। ब्रज के लोक कलाकारों ने उक्त प्रस्तुति में भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के निर्मल प्रेम को साकार किया। इस दौरान ग्रामीण भवाई नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। जिसमें नृत्य की विभिन्न मुद्राओं का अद्भुत संतुलन प्रदर्शित किया गया। ब्रज क्षेत्र के कर्णप्रिय और मन को लुभाने वाले भक्तिभाव से परिपूर्ण लोक संगीत सहित सांस्कृतिक संध्या में दी गई मोहक प्रस्तुतियों ने जयपुरवासियों और देशी-विदेशी पावणों को आनंद विभोर कर दिया।उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी तथा पर्यटन सचिव श्री रवि जैन के निर्देशों की पालना में पर्यटन विभाग की ओर से लोक कला और कलाकारों को प्रोत्साहित करने और उनको नियमित रूप से आजीविका का अवसर दिलाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की पहल की गई है। इस हेतु पर्यटन विभाग की ओर से कल्चरल डायरीज श्रृंखला शुरू की गई है। जिससे राजस्थान की कला व संस्कृति से पूरी दुनिया परिचित होगी। इसी श्रृंखला में आयोजित सांस्कृतिक संध्या के दूसरे दिन शनिवार, 16 नवम्बर को अल्बर्ट हॉल पर ही बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र के प्रसिद्ध लंगा-मांगणियार कलाकारों की गायन-वादन की प्रस्तुतियां होंगी। इस अवसर पर निदेशक पुरातत्व एवं संग्रहालय पंकज धरेन्द्र तथा पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक पुनीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

---

## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दीपदान से रोशन हुआ यज्ञ वेदी कुण्ड

- **सनातन संस्कृति से आत्मसात होना सभी राष्ट्रवादीयों की प्राथमिकता :- कुसुम यादव**




**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 नवंबर।** गलता जी तीर्थ में आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यज्ञ वेदी कुण्ड पर जिला प्रशासन द्वारा भव्य देव दीपावली का आयोजन किया गया । इस अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालु मंदिर में उपस्थित थे ,साथ ही साथ विदेशी पर्यटकों ने भी उत्साह पूर्वक इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया व भारत की सनातन परंपरा से रूबरू हुए। इस अवसर पर गालव ऋषि जी मंदिर में पुष्प मालाओं से भव्य श्रृंगार किया गया और मंदिर में सुंदर सजावट भी की गई।गालव ऋषि जी कुंड पर 5100 दीप प्रज्वलित कर दीपदान किया गया। इस अवसर पर नगर निगम जयपुर हेरिटेज की मेयर कुसुम यादव,आयुक्त नगर निगम हेरिटेज अरुण हसीजा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर आशीष कुमार सहित नगर निगम एवं देवस्थान विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मेयर द्वारा गालव ऋषि जी की आरती उपरांत कुंड पर दीपदान किया गया और आयोजन के उपरांत भक्तजनों को जिला प्रशासन द्वारा प्रसाद वितरित किया गया।

### महाराष्ट्र मे भारतीय जनता पार्टी एवं उसके सहयोगी दल की सरकार बनना तय : राजिक फर्शीवाला



**चमकता राजस्थान। जयपुर/ मुम्बई ( खलील कुरैशी)** भाजपा नेता अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय सलाहकार एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी द्वारा बनाया गया संगठन राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम समाज उत्थान समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजिक ×फर्शीवाला अपने साथियो साथी देश की आर्थिक राजधानी मुंबई मे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारो के लिए अति पिछड़े अल्पसंख्यक समाज के लोगो के बीच मे फ्लैट टू फ्लैट जनसम्पर्ककरतेहुवेअलगअलगस्ोसाइटीयों के फ्लेटों मे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारो के पक्ष मे मीटिंग कर रहे है एवं अलग अलग मस्जिद कमेटी के सदर एवं मेंबर से मिलकर भा ज पा को वोट देने की अपील करते है और समाज के लोगो को समझाते है देश के प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी का मूलमंत्र है की सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास वही पार्टी करती है जहाँ जहाँ भी ×फर्शीवाला जाते है उन्हें भरपूर समर्थन मिलता है एवं मतदाता दिल खोल कर अपनी समस्या भी बताते है जिसको लेकर स्थानीय उम्मीदवारो से बात कराके उनकी समस्यों का निदान भी करा देते है! ×फर्शीवाला का अधिक से अधिक बांद्रा वेस्ट के भाजपा उम्मीदवार एवं मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार के जनसम्पर्क मे भी जाता है क्योकि बांद्रा वेस्ट मे ही राजिक फर्शीवाला का निवास है यह सीट भारतीय जनता पार्टी अपने इतिहासिक वोट से जीतेगी!

ये समर्पित कार्यकर्ता कर रहे भाजपा के समर्थन में प्रचार इस दौरान भाजपा नेता राजिक फर्शीवाला के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता इरफान अहमद अय्यूब खत्री,सोहैल खान,मुस्ताक खोकर आमीन तंवर तनवीर खोकर,जहरा खातून,कुलसम बेगम,नवनीत जायसवाल, अनिल जैन एवं यादवेंदर बुत्तर साथ चुनाव मे काम कर रहे है।

---

# जयपुर व श्रीगंगानगर दोनों वर्गों के क्वार्टर फाइनल में

## राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता

चमकता राजस्थान



जयपुर, 15 नवंबर। जालोर में गुरुवार से शुरू हुई चार दिवसीय 29वी राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता-2024-25 में दूसरे दिन खेले गये लीग मैचेस में जीत दर्ज करते हुए जयपुर एवं श्रीगंगानगर ने दोनों वर्गों बालक व बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुँच गयी। शनिवार को सुबह के सत्र में क्वार्टर फाइनल मैचेस होंगे। जबकि शाम के सत्र में सेमीफाइनल मैचेस खेले जायेंगे।

- **क्वार्टर फाइनल लाइन अप**

बालक वर्गः-जयपुर बनाम एसटीसी नोजगे, श्रीगंगानगर बनाम चित्तौड़गढ़, सीकर बनाम माही हैंडबॉल अकैडमी-बांसवाड़ा, महाराणा प्रताप हैंडबॉल अकैडमी-चित्तौड़गढ़ बनाम ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकैडमी-श्रीगंगानगर। बालिका वर्गः- श्रीगंगानगर बनाम जोधपुर, हनुमानगढ़ बनाम भीलवाड़ा, जयपुर बनाम बाड़मेर, चूरू बनाम झुंझुनू।

- **शुक्रवार को खेले गये लीग मैचेस के परिणामः-**

बालक वर्गः- चित्तौड़गढ़ ने करौली को 15- 11 से, महाराणा प्रताप चित्तौड़गढ़ हैंडबॉल अकादमी ने भरतपुर को 5- 1 से, जयपुर ने सिरोही को 12 - 5 से, श्री गंगानगर में सवाई माधोपुर को 9- 4 से, अजमेर ने डूंगरपुर को 7- 2 से,दुलमाना हैंडबॉल अकादमी ने झुंझुनू को 12- 11 से, जालौर ने भरतपुर को 5 - 3 से, ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी ने अजमेर को 15 - 8 से, चूरू ने दुलमाना हैंडबॉल अकादमी को 11- 2 से, चित्तौड़गढ़ ने भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी को 7 - 1 से, अलवर में भरतपुर को 14- 6 से, अजमेर ने झालावाड़ को 5- 0 से, माही हैंडबॉल अकादमी ने दुलमाना हैंडबॉल अकादमी को 11- 10 से, चित्तौड़गढ़ ने भीलवाड़ा को 15- 12 से, जैसलमेर ने भरतपुर को 15- 9 से, ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी ने झालावाड़ को 11- 0 से, भीलवाड़ा ने भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी को 17- 3 से, जैसलमेर ने अलवर 14-11 से, ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी ने डूंगरपुर को 7- 0 से, चूरू ने झुंझुनू को 16- 15 से, ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी ने सिरोही को 08- 01 से, हनुमानगढ़ ने भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी को 8- 3 से, अलवर ने जालौर को 10 - 2 से, एसटीसी नोजगे ने जैसलमेर को 22 - 14 से, डूंगरपुर दे झालावाड़ को 5- 0 से, भीलवाड़ा में हनुमानगढ़ को 17-13 से, सीकर ने हनुमानगढ़ को 19- 17 से, एसटीसी नोजगे ने जालौर को 13- 9 से, सिरोही ने अजमेर को 19- 12 से, श्रीगंगानगर में झुंझुनू को 14- 3 से हराया।

बालिका वर्गः- अलवर ने बीकानेर को 12- 10 से, बाड़मेर ने सीकर को 7- 3 से, भीलवाड़ा में महाराणा प्रताप हैंडबॉल एकेडमी चित्तौड़ को 13- 9 से, दुलमाना हैंडबॉल अकादमी ने चित्तौड़गढ़ को 11- 9 से, श्रीगंगानगर में बीकानेर को 7- 3 से, हनुमानगढ़ ने सीकर को 12- 9 से, जयपुर ने महाराणा प्रताप हैंडबॉल एकेडमी चित्तौड़ को 8 - 3 से, चूरू ने चित्तौड़गढ़ को 8- 3 से, भीलवाड़ा में डूंगरपुर को 14- 4 से, बाड़मेर ने जालौर को 11- 5 से, झुंझुनू ने अलवर को 6- 3 से हराया।

जोधपुर व दुलमाना हैंडबॉल एकेडमी 9- 9 रहे।

---

# विधायक विकास चौधरी के प्रयासों से तेजाजी धाम सुरसुरा को मिली सौगात

## करीब 83 लाख की लागत से होगा पेयजल पाइपलाइन एवं अन्य विकास कार्य

चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक / श्रीनगर :-अजमेर

विधायक विकास चौधरी के प्रयासों से तेजाजी धाम सुरसुरा को मिली सौगात, करीब 83 लाख की लागत से पेयजल पाइपलाइन एवं अन्य विकास कार्य होंगा

- **विधायक चौधरी ने पेयजल मंत्री का जताया आभार**

मदनगंज किशनगढ़:- विधायक डॉ विकास चौधरी ने सरकार से मिलकर धार्मिक स्थल सुरसुरा की विभिन्न पेयजल समस्याओं से अवगत करवाया था। विभाग द्वारा सुरसुरा में नई पाइपलाइन एवं नलकूप सहित विभिन्न कार्यो के लिए स्वीकृति जारी की है। नए कार्यों की कुल लागत 83 लाख के करीब आएगी, ग्राम वासियों श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। विधायक चौधरी ने बताया कि किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, लेकिन विपरीत परिस्थितियों में भी क्षेत्र का विकास करने के लिए



मैं दृढ़ संकल्पित हूं । क्षेत्र के विकास के लिए किसी के पास भी जाना पड़ेगा मैं जाऊंगा, क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को में खुद भी चिन्हित कर रहा हूं। निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए मैं प्रयासरत रहूंगा । पेयजल कि स्वीकृतियों से ग्रामवासियों एवं मंदिर समिति में खुशी की लहर है।

- **विधायक चौधरी ने पेयजल मंत्री का जताया आभार**

मदनगंज किशनगढ़:- विधायक डॉ विकास चौधरी ने सरकार से मिलकर धार्मिक स्थल सुरसुरा की विभिन्न पेयजल समस्याओं से अवगत करवाया था। विभाग द्वारा सुरसुरा में नई पाइपलाइन एवं नलकूप सहित विभिन्न कार्यो के लिए स्वीकृति जारी की है। नए कार्यों की कुल लागत 83 लाख के करीब आएगी, ग्राम वासियों श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। विधायक चौधरी ने बताया कि किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, लेकिन विपरीत परिस्थितियों में भी क्षेत्र का विकास करने के लिए मैं दृढ़ संकल्पित हूं । क्षेत्र के विकास के लिए किसी के पास भी जाना पड़ेगा मैं जाऊंगा, क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को में खुद भी चिन्हित कर रहा हूं। निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए मैं प्रयासरत रहूंगा । पेयजल कि स्वीकृतियों से ग्रामवासियों एवं मंदिर समिति में खुशी की लहर है।

---

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य के श्रीमुख से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया राम कथा का श्रवण

चमकता राजस्थान

**जयपुर,( खलील कुरैशी) 14 नवम्बर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को विद्याधरनगर स्टेडियम पहुंचकर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज के श्रीमुख से श्रीराम कथा का श्रवण किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि परम पूजनीय जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी का पूरा जीवन मानव कल्याण को समर्पित है। अयोध्या के नव्य-भव्य राम मंदिर निर्माण में उनका बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। ऐसे महान संत का पावन सानिध्य प्राप्त होना बहुत सौभाग्य की बात है। शर्मा ने इस अवसर पर भगवान श्रीराम की भव्य आरती में सम्मिलित होकर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन के लिए प्रार्थना भी की।



---

# बाड़मेर में डीएसटी व थाना कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाईः जिला स्तरीय टॉप 10 वांटेड 10 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

- **पाली जिले के सांडेराव थाने द्वारा भारी मात्रा में डोडा पोस्ट जब्ती के प्रकरण में है मुख्य अभियुक्त**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/बाड़मेर (खलील कुरैशी) 15 नवंबर।** जिले की स्पेशल टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस ने अपहरण के मामले में 2 साल से फरार जिला स्तर पर टॉप 10 में वांटेड हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर बदमाश गणपत राम जाट पुत्र गेनाराम (35) निवासी कुडला थाना रिको बाड़मेर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पाली जिले में थाना सांडेराव के एनडीपीएस एक्ट के मामले में भी 2021 से वांछित मुख्य अभियुक्त है।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर बदमाश गणपत राम जाट के विरुद्ध थाना कोतवाली बाड़मेर में 26 जून 2022 को अपहरण के संबंध में मुकदमा दर्ज हुआ। घटना के समय से फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर जिला स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में शामिल किया गया। पाली जिले की सांडेराव थाना पुलिस ने 16 जून 2021 को 387 किलो डोडा पोस्त जब्त किया था, जिसमें आरोपी मुख्य अभियुक्त है।एसपी मीणा ने बताया कि वांछित अपराधियों की दस्तयाबी के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। लंबे समय से फरार चल रहे हार्डकोर बदमाश गणपत राम की तलाश के लिये सीओ रमेश कुमार शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ कोतवाली लेखराज व डीएसटी प्रभारी हनुमान राम के नेतृत्व में गठित की गई विशेष टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है हार्डकोर बदमाश में हिस्ट्रीशीटर गणपत राम के विरुद्ध विभिन्न थानों में कुल 13 प्रकरण दर्ज है। जिसमें जिले के कोतवाली व थाना सदर में तीन-तीन, नागाणा, महिला व बालोतरा के पचपदरा, जोधपुर जिले के बालेसर, पाली जिले के सांडेराव व सादड़ी एवं गुजरात के कच्छ थाने में एक-एक अपराधिक प्रकरण दर्ज है। इसकी गिरफ्तारी में डीएसटी के कांस्टेबल हनुमान राम की विशेष भूमिका रही है।

# बरसों से बंद रास्ते खुले तो किसानों और ग्रामीणों के चेहरे खिले

## जिला प्रशासन के 'रास्ता खोलो अभियान' का हुआ आगाज






## गांवों और खेतों की राह हुई आसान, ग्रामीणों ने जताया जिला प्रशासन का आभार

## प्रशासन ने सहमति और समझाइश से पहले ही दिन खुलवाए 26 रास्ते

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी)** 15 नवंबर। नीयत सही और सकारात्मक हो तो नियति कभी गलत नहीं हो सकती। यह कहावत शुक्रवार को जयपुर में हकीकत बनती नजर आई। जब जिला प्रशासन ने रास्ता खोलो अभियान के पहले ही दिन सहमति और समझाइश से बरसों से बंद 26 रास्ते खुलवाए। सालों से बंद रास्ते खुलने पर ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया साथ ही, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों का आभार जताया। रास्ता खोलो अभियान के पहले दिन चौमूं एवं जोबनेर में 4-4, आंधी, चाकसू, शाहपुरा, सांगानेर में 3-3, कोटखावदा और किशनगढ़-रेनवाल में 2-2 एवं तूंगा और आमेर में एक-एक रास्ता खुलवाया गया। किश्नगढ़-रेनवाल के धोलिया का वास गांव में करीब 50 साल पुराना रास्ता समझाइश से खुलवाया गया। तो वहीं, जमवारागढ़ की आंधी तहसील के दांतली में 30 साल पुराना रास्ता खुलवाया गया। तो वहीं, तूगां में 15 साल पुराना अतिक्रमण हटाकर 300 मीटर लंबा रास्ता आमजन के लिए सुचारू करवाया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव और खेतों की ओर जाने वाली राह आसान करने के लिए जिला प्रशासन के इस अभियान से निश्चित रूप से आमजन को राहत मिलेगी। जिला प्रशासन एवं पुलिस ने सहयोग कर दशकों से बंद सिवायचक, कटानी एवं गैर मुमकिन सहित अन्य सभी प्रकार के रास्तों को खुलवा कर उनकी राह बेहद आसान कर दी है। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ रास्ते तो करीब 50 साल से बंद थे, लेकिन सहमति एवं समझाइश से इन रास्तों को भी खुलवाने में कामयाबी मिली।गौरतलब है कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शुक्रवार को जिले में रास्ता खोलो अभियान का आगाज हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है। इसलिए प्रशासन ने रास्ते सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए 'रास्ता खोलो अभियान' चलाने का निर्णय लिया गया।

अभियान के तहत सभी खंड विकास अधिकारी अपने क्षेत्रों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने में सहयोग करेंगे, उपखण्ड अधिकारी सप्ताह में एक बार तहसीलदार, थानाधिकारी, विकास अधिकारी के साथ रास्तों से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे हैं तथा खोले जाने वाले रास्तों का चिन्हिकरण कर सप्ताह में कम से कम तीन रास्तों की समस्या का समाधान करेंगे। बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खंड विकास अधिकारी संबन्धित खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल/सी.सी. रोड़ बनवाया जाना सुनिश्चित करेंगें ताकि फिर से कोई रास्ते पर अतिक्रमण नहीं कर पाए। जिन स्थानों पर किन्हीं कारणों से शुक्रवार को कार्यवाही संभव नहीं हो पाई उन स्थानों पर शनिवार को अनिवार्य रूप से रास्ता खोलो अभियान के तहत कार्यवाही की जाएगी।रास्ता खोलो अभियान के तहत आम रास्तों, गोचर भूमि पर अतिक्रमण को हटाने, बंद किए जा चुके खातेदारी रास्तों को खुलवाने, राजस्व अभिलेख में दर्ज रास्ते, काश्तकारों की कृषि जोत के विभाजन करने से पूर्व रास्तों का प्रावधान करने, रास्ते निकालने, राजकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, राजकीय भूमि पर से सार्वजनिक रास्ता निकालने तथा खातेदार किसान को उसकी जोत यानी खेत तक पहुंचने के लिए राजकीय चारागाह भूमि में से होकर रास्ता देने तथा खातेदारी भूमि में से होकर नवीन रास्ते निकालने और विद्यमान रास्ते को चौड़ा करने संबंधी प्रकरणों का निस्तारण किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर स्थापना के 297वें वर्ष के उपलक्ष्य पर हेरिटेज निगम की ओर से ताल कटोरा की पाल पर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया

- **मांड गीत केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देश से राजस्थानी लोक कलाकारों ने बटोरी तालियां**




**चमकता राजस्थान। जयपुर।( खलील कुरैशी)** जयपुर स्थापना के 297वें वर्ष के उपलक्ष्य पर हेरिटेज निगम की ओर से ताल कटोरा की पाल पर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजस्थानी कलाकारों ने राजस्थानी गीत और भजन गाकर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणपति वंदना से हुई। इसके बाद मांड गीत केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देश गाकर सभी दर्शकों की तालियां बटोरी। वहीं, कलाकार फखरुद्दीन ने कॉमेडियन नृत्य कर दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर दिया। रंगीला भाई ने इंजन की आवाज निकाल कर प्रस्तुति दी। इसके अलावा राजस्थानी लोक संगीत वाद्य यंत्र अलगोजा की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में घूमर नृत्य को शानदार प्रस्तुति दी गई। इस दौरान आयुक्त अरुण कुमार हसीजा, अतिरिक्त आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, पार्षद रजत विश्नोई, भगवती गुर्जर, ताल कटोरा विकास समिति के अध्यक्ष मनीष सोनी, रेणुका सोनी सहित अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

- **राजस्थानी परंपरा को जीवंत रखना उद्देश्य**

महापौर कुसुम यादव ने बताया कि हेरिटेज निगम की ओर से जयपुर स्थापना के 297 वर्ष पूरे होने पर एक महीने से जयपुर वासियों के लिए विभिन्न आयोजन किए जा रहे है। शुक्रवार को ताल कटोरा पर राजस्थानी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राजस्थानी लोक कलाकारो को आगे बढ़ाना और लोक सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत करना था। वर्तमान में संगीत की दुनिया में नई प्रतिभा और पैटर्न आ रहे है, लेकिन राजस्थानी गीत और संगीत आज भी देश दुनिया में अपना परचम लहरा रहा है। नई पीढ़ी राजस्थानी लोक गीतों नहीं भूलें, इसके लिए समय - समय पर ऐसे आयोजन होना चाहिए।

### श्री पुष्कर मेला 2024, 52 घाटों पर 5100 महिलाओं ने 51 हजार दीपदान से बनाया रिकॉर्ड,

- **उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बनी साक्षी, समस्त 52 घाटों पर हुई महाआरती**



**चमकता राजस्थान।** जयपुर, (खलील कुरैशी) 15 नवंबर। श्री पुष्कर मेला 2024 में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सरोवर के समस्त 52 घाटों पर महाआरती और दीपदान कर रिकॉर्ड बनाया गया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत एवं मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने जयपुर घाट पर पूजा अर्चना कर महाआरती की।उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में सरोवर के समस्त 52 घाटों पर 5100 महिलाओं ने 51 हजार दीपदान एक साथ एक समान परंपरागत चुनड़ी वेशभूषा में कर रिकॉर्ड बनाया। इसकी घोषणा इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के डॉ. विनोद शर्मा के द्वारा की गई। इस रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र मौके पर सुपुर्द किया गया। पीसांगन, पुष्कर एवं अजमेर के ग्रामीण क्षेत्र की राजीविका स्वयं सहायता समूह, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं सहित 5100 महिलाएं घाटों पर उपस्थित रही। मुख्य आयोजन जयपुर घाट पर हुआ। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पवन कुमार राजऋषि, रविंद्र गौड़, पंडित कैलाश नाथ दाधीच, चंद्रशेखर गौड़, चितरंजन राजोरिया आदि ने पूजा संपन्न करवाई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में नगाड़ा वादन एवं आतिशबाजी भी हुई।

## झालावाड़ पुलिस की कार्रवाई

# शराब ठेके पर फायरिंग के मुख्य आरोपी सहित 6 गिरफ्तार, हिस्ट्रीशीटर ने हफ्ता वसूली व कम रेट पर शराब देने सेल्समेन पर की थी फायरिंग

### मुख्य आरोपी पर है 10 हजार रुपये का इनाम, गिरफ्तार आरोपियों में दो शरण देने वाले व दो हथियार उपलब्ध कराने के है आरोपी, सात जिंदा कारतूस जप्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर/झालावाड़( खलील कुरैशी) 15 नवंबर।** सस्ती शराब व अवैध वसूली को लेकर शराब ठेके के सेल्समेन के साथ मारपीट करने व मारपीट का वीडियो वायरल होने पर योजना बनाकर सेल्समेन को जान से मारने की नियत से फायरिंग करने की घटना में पुलिस ने मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर सहित 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। हथियार उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को 07 जिन्दा कारतूस सहित पकड़ा गया है।

एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि आरोपी हिस्ट्रीशीटर पवन उर्फ सीपी भील पुत्र चन्द्रप्रकाश निवासी खण्डिया कालोनी, अंकित वाल्मीकि पुत्र भगवानदास निवासी हरिजन बस्ती बस स्टैण्ड, चेतन वाल्मीकि पुत्र राजेश सरसिया निवासी पी.जी. कालेज के पीछे कुम्हार मोहल्ला झालावड, गोविन्द उर्फ गोविन्दा मीणा पुत्र पप्पूलाल उर्फ पानाचंद निवासी तुरकाडिया थाना अकलेरा हाल बोरखेडा कोटा शहर, अतुल मैरोठा पुत्र रामचन्द्र निवासी वार्ड नं. 12 मण्डाना कोटा ग्रामीण एवं सुभाष उर्फ पवन मीणा पुत्र गजानंद निवासी नूरजी गाडरवाडा सारोला हाल खण्डिया कालोनी झालावाड को गिरफ्तार किया गया हैएसपी तोमर ने बताया कि शहर में बस



स्टेण्ड स्थित शराब के ठेके पर 01नवम्बर 2024 को चौथ वसूली को लेकर हिस्ट्रीशीटर बदमाश गोलू मीणा, पवन उर्फ सीपी व उसके साथियो द्वारा सेल्समेनो के साथ मारपीट व लूटपाट की घटना की। जिस पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर बदमाशो की तलाश की जा रही थी।इसी दौरान ठेके पर हुयी इस घटना का वीडियो वायरल होने पर हिस्ट्रीशीटर गैंग द्वारा बदला लेने के लिए योजना बनाई। रैकी करते हुये 11 नवम्बर को बदमाश पवन उर्फ सीपी व अन्य बदमाश ने शराब ठेके के सेल्समेन को जान से मारने के लिए फायरिंग की और फरार हो गये। हिस्ट्रीशीटर द्वारा रैकी कर योजना बनाकर की गयी फायरिंग की वारदात को गंभीरता से लेते हुये एसपी तोमर द्वारा गैंग पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए अति पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा व सीओ हर्षराज सिंह खरेडा के सुपरविजन में थानाधिकारी कोतवाली चन्द्रज्योति शर्मा के नेतृत्व में डीएसटी, साइबर सेल, सीओ ऑफिस टीम, थाना सदर, रटलाई व बकानी से विशेष टीमो का गठन किया गया। घटना के बाद से एसएचओ चन्द्रज्योति शर्मा मय टीम ने लगातार बदमाशो के बारे में आधुनिक तकनीको व साइबर सेल की मदद से जानकारी प्राप्त कर बदमाश के बारे में पता लगा फायरिंग के लिए हथियार उपलब्ध करवाने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश अंकित व चेतन को मय 07 जिन्दा कारतूस के गिरफ्तार किया। फायरिंग की वारदात करने वाले 10 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश पवन उर्फ सीपी को शुक्रवार को कोटा शहर से गिरफ्तार करने में बडी सफलता अर्जित की।उक्त बदमाश को फरारी के लिए शरण देने वाले सहयोगी गोविन्द मीणा व अतुल मैरोठा को भी गिरफ्तार किया गया है। ठेके पर चौथ वसूली के लिए मारपीट करने वाले सुभाष मीणा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब घटना में प्रयुक्त हथियार व वाहनो के सम्बन्ध में गिरफ्तार आरोपियों से अनुसधांन कर रही है।

# बिरसा मुंडा की जयंती समारोह गौरव दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गयी

- **शिक्षा से ही समाज का वास्तविक अंधकार दूर होगा:- अध्यक्ष राजेश मंडोवरा**

चमकता राजस्थान




शाहपुरा (खलील कुरैशी) शहर के डाक बंगला परिसर में शुक्रवार को एससी एसटी महा संगठन शाहपुरा विधानसभा के तत्वाधान में अध्यक्ष राजेश मंडोवरा के मुख्य अतिथि में बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के रूप में बड़ी धूमधाम से बनाई गई इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा के चित्र पर माला व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान अध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का अंधकार दूर किया जा सकता है इसलिए सभी समाज बंधुओ को अपने बालक बालिकाओं को शिक्षित करने पर जोर देना चाहिए और महिला शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए इस दौरान अनिल कुमारनरवल,सदरु शाह , प्रकाश चंद सिसोदिया, किशोर धोबी व सीताराम मेहरा ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल व जमीन के लिए संघर्ष करके हमें जीने का तरीका सिखाया और युवा पीढ़ी को प्रेरित किया इस दौरान महेंद्र कुमार, मनीष कुमार, अर्जुन लाल, बंशीधर, द्वारका प्रसाद सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## देवनानी का सिंगापुर दूतावास में अभिनंदन

- **भारत और सिंगापुर की रीति नीति पर चर्चा, दोनों देशों के मध्य खुली हैं अनेक संभावनाएं**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी,),15 नवंबर ।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का शुक्रवार को सिंगापुर स्थित भारत के दूतावास में अधिकारियों ने अभिनंदन किया। सिंगापुर में भारत के हाई कमिश्नर शिल्पक अम्बुले ने पुष्पगुच्छ भेंट कर दूतावास पहुंचने पर देवनानी का अभिवादन किया। देवनानी को अम्बुले ने बताया कि दोनों देशों के मध्य शिक्षा, तकनीकी शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों के उद्योगों में परस्पर बेहतर समन्वय है। इससे दोनों देशों के संस्थानों में विकास के विभिन्न क्षेत्रों में म्यूचुअल आफ अंडरस्टैंडिंग लगातार होते रहते हैं। भारतीय मूल के लोगों का सिंगापुर में प्रभावी पदों पर कार्य करने से भी भारत को व्यापारिक क्षेत्र में सुगमता से बढ़ावा मिल रहा है।

- **सिंगापुर केंद्रीय विश्वविद्यालय किया अवलोकन**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि शिक्षा के क्षेत्र में भारत और सिंगापुर के बीच हमेशा से मजबूत और प्रगतिशील संबंध रहे हैं। दोनों देश शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सिंगापुर के केंद्रीय विश्वविद्यालय, नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (एनटीयू) और सिंगापुर यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड डिजाइन (एसयूटीडी) भारत के छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। इनमें भारतीय छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। शिक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों में अध्ययन और शोध के लिए अकादमिक आदान-प्रदान कार्यक्रम और फेलोशिप प्रदान की जा रही है, जिससे दोनों देशों के छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण विकसित हो रहा है।

- **सिंगापुर में देवनानी ने गुरुद्वारा में माथा टेका -**

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को सिंगापुर में गुरु नानक जयंती पर्व पर गुरुद्वारे में जाकर माथा टेका। श्री देवनानी ने वहां आयोजित सत्संग में भाग लिया लोगों से मुलाकात कर गुरु नानक जयंती के 555 वें प्रकाश पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। देवनानी ने देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

- **देवनानी से उद्योगपति मिले**

देवनानी ने उद्योगपतियों से राइजिंग राजस्थान में भाग लेने का अनुरोध किया। देवनानी ने कहा कि राजस्थान में निवेश की संभावनाएं हैं। उद्योगपति राजस्थान में उघोगों के लिए नई संभावनाओं को तलाशें। श्री देवनानी से सिंगापुर चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडिया के अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी ने शिष्टाचार मुलाकात की देवनानी को श त्रिपाठी ने सिंगापुर में प्रवासी भारतीय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न उद्योगों के बारे में जानकारी दी। देवनानी को उद्योगपति करण सिंह ठकराल और सतवीर ठकराल ने सिंगापुर में चल रहे उद्योगों की जानकारी दी।



» अजमेर सरस डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने पूर्णिमा के अवसर पर स्नान कर जगत पिता ब्रह्मा का लिया आशीर्वाद साथ ही प्रदेश की खुशहाली के लिए मांगी मन्नत

# सीजीएसटी आयुक्तालय डिवीजन द्वारा होटल एण्ड ट्यूरिज्म संगठनों की महत्वपूर्ण कार्यशाला का किया गया आयोजन

## होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान ने सी.जी.एस.टी विभाग के सामने मजबूती से रखे मुद्दे, समस्या

## मिला होटल एवं ट्यूरिज्म संगठनों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन

चमकता राजस्थान



जयपुर( खलील कुरैशी)! होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के नेतृत्व में होटलइयर एवं टूरिज्म सेक्टर से जुड़े संगठनों की जीएसटी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सीजीएसटी आयुक्तालय डिवीजन द्वारा कार्यशाला का आयोजन सनराइज रिजॉर्ट दिल्ली रोड पर किया गया.इस अवसर के फेडरेशन के अध्यक्ष हुसैन खान ने होटल एवं रेस्टोरेंट मालिकों की विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए समाधान के लिए निवेदन किया. टूरिज्म सेक्टर से सी ए विपुल मैंनी,संदीप गोगिया, अनिल कुमावत, नितिन अग्रवाल एवं नवल द्वारा बिना सुनवाई जीएसटी विभाग द्वारा जीएसटी निलंबन का मुद्दा, ओयो के मार्फत बुकिंग के कारण गलत जीएसटी नोटिस, जीएसटी विभाग द्वारा समय पर पत्रावली का जवाब ना देना,फेसबुक को भुगतान की गई राशि पर जीएसटी जैसे मुद्दे जीएसटी अधिकारियों के समक्ष रखे गए जीएसटी कमिश्नर रेणु दहिया एवं उनकी टेक्निकल टीम ने सदस्यों द्वारा पूछे गए सभी सवालों के जवाब देते हुए कहा कि नोटिस से आप घबराएं नहीं बल्कि सही तथ्यों के साथ आप अपनी बात पेश करें निश्चित रूप से विभाग आपका सहयोग करेगा.इसके अलावा अगर व्यक्तिगत रूप से भी मिलकर आप हमें समस्या बताएंगे उसके लिए हमेशा हम आपके लिए उपलब्ध हैं इस अवसर रेनू दहिया ने होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के सहयोग से टूरिज्म सेक्टर से जुड़े हुए सदस्यों की तत्परता एवं सक्रियता के लिए फेडरेशन का आभार वक्त किया!

### ये रहे सदस्य मौजूद

» इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष हुसैन खान, कोषाध्यक्ष संदीप गोगिया,कार्यकारिणी सदस्य.गोपी राम बुनकर,भंवर यादव, विपुल मनी,अनिल कुमावत पंकज जैन के अलावा अनेक सदस्य उपस्थित रहे!

## संक्षिप्त खबरें

### श्रद्धालुओं से भरी टेंपो ट्रैक्टर से टकरायी ,9 घायल

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि थानाक्षेत्र के दुदही गांव से त्रिवेणी संगम में स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ऑटो ट्रैक्टर से टकरा गई। ऑटो में एक पुरूष व 11 महिला समेत कुल 12 लोग सवार थे। जिसमे 9 लोग बुरी तरह जख्मी बताये जा रहे है।घटना वाल्मीकि नगर रोड स्टेशन और गोबरहिया के बीच हुई है। जहां ऑटो की टक्कर ट्रैक्टर से हो गई। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार सभी श्रद्धालु एक ही परिवार के है।जो कार्तिक पूर्णिमा पर ऑटो पर सवार होकर त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए जा रहे थे। जैसे ही टैंपो वाल्मीकिनगर रोड स्टेशन पार किया, अचानक एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां सबका इलाज चल रहा है। डॉक्टर के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं। उन्हें आवश्यक चिकित्सा प्रदान की जा रही है। घायलों में बुआ देवी, टेंपो चालक सुभाष कुमार, चिंता देवी. राजनती देवी, सुधा देवी, बबिता देवी, किरन देवी और बिहारी सहनी शामिल हैं।सभी हरसिद्धि के दुदही गांव के एक ही परिवार के सदस्य है।

### तीन साल के बच्चे की गड्ढे में डूबने से हुई मौत

**नवादा।** नवादा जिले मेसकौर के सहवाजपुर सराय पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर मिल्की गांव निवासी उमेश रविदास के तीन वर्षीय पुत्र यीशु कुमार की मौत शुक्रवार को घर के पास पानी से भरे गड्ढे में डूबने से हो गई। मृतक के चाचा सनोज कुमार ने बताया की तीन वर्षीय बालक घर के समीप खेल रहा था । बालक खेलने के क्रम में कब गड्ढा में चला गया किसी को पता नहीं चला। बहुत खोजबीन करने के बाद गड्ढे में उपले हुआ हाथ दिखाई पड़ा। जिसे निकालने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेसकौर लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों ने बताया कि मृतक ईशु दो भाई और एक बहन था। एक भाई की मौत कुछ दिन पहले ही इसी गड्ढे में डूबने से हो गई थी। इसके बाद इसी गड्ढे में शुक्रवार को दूसरे भाई की भी मौत डूबने से हो गई। घटना के बाद से परिवार वालों को रो रो कर बुरा हाल हो चुका है। अब दंपति के केवल एक बेटी ही बची है। सीएचसी प्रभारी डॉ सुबीर कुमार ने बताया कि 3 वर्षीय बालक को लेकर उसके परिवार वाले अस्पताल आए थे। जिसे जांच उपरांत डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. संदर्भ में सीतामढ़ी थाना अध्यक्ष रश्मि कुमारी ने बताया कि सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर परिवार वालों को सौंप दिया गया है।अभी तक मृतक के परिवार वालों से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। आवेदन के आलोक में अग्रतेर कार्रवाई की जाएगी।

### एक करोड़ के नेपाली चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के सिकटा थाने के मिश्री टोला ग्राम में पुलिस ने गुरूवार की देर रात को बाइक पर लदे एक करोड़ रुपए के नेपाली चरस के साथ एक नेपाली महिला समेत दो तस्कर को पकड़ा है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान पूर्वी चम्पारण जिले के दरपा थाने के पीपरा गांव अवस्थित वार्ड 6 निवासी अफजल मियां सहित परसा जिला के पोखरिया थाने के देवरिया निचुटा गांव के सरिता देवी के रूप में हुई है। मिली खबर के अनुसार नेपाल से भारी में मात्रा में मादक पदार्थ की तस्करी की खबर पर थानाध्यक्ष राज रौशन के नेतृत्व में पुअनि मधु कुमारी,हवलदार महेन्द्र ठाकुर, जवान सोनू कुमार,सर्वजीत कुमार व महिला जवान लवली कुमारी समेत कई जवान सदल बलमिश्री टोलाअवस्थित छोटी नहर के ईदगीर्द नाकेबंदी कर दी। जैसे ही शिकारपुर गांव से जयसिंहपुर गांव की ओर से तेजी से आते एक बाइक पर दो सवार व्यक्ति जो बीच में एक उजले रंग का प्लास्टिक का झोला रखा हुआ था। जिसे रोककर तलाशी ली गई।तलाशी में वाटरप्रूफ प्लास्टिक पैक में पांच-पांच सौ ग्राम के कुल दस किलो दो सौ ग्राम चरस जब्त की गई।थानाध्यक्ष राज रौशन ने चरस जब्ती की कार्रवाई सीओ प्रिया आयार्नी के उपस्थिति में कराई गई। जब्त चरस का अन्तरराष्ट्रीय मूल्य लगभग एक करोड़ रूपए बताई जा रही है।

### शालीमार स्टेशन पर पार्किंग शुल्क को लेकर विवाद

**कोलकाता।** शालीमार स्टेशन पर पार्किंग शुल्क को लेकर रक्ताक्त कांड । गुरुवार की रात बदमाशों के एक समूह पर अनैतिक तरीके से पैसे मांगने पर एक व्यवसायी का सिर फोड़ने का आरोप लगा` उनके एक बेटे को भी पीटा गया। यह भी आरोप है कि कारोबारी के बड़े बेटे का स्मार्टफोन और पैसों से भरा बैग भी छीन लिया गया` पीड़ित को साउथ हावड़ा स्टेट जनरल अस्पताल ले जाया गया। परिवार ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बी गार्डन थाने में शिकायत दर्ज कराई है। हावड़ा सिटी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है` कुछ दिन पहले मुंबई के बिजनेसमैन बानी अमीन राज अपने परिवार के साथ दक्षिण 24 परगना स्थित अपने गांव स्थित घर आए थे` उन्हें गुरुवार रात 8 बजे ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से शालीमार स्टेशन से मुंबई लौटना था। वे स्टेशन आये और शालीमार स्टेशन की पार्किंग में सामान उतार दिया। आरोप है कि तभी 10 से 15 हथियारबंद अपराधी पैसे की मांग करने लगे` इसे लेकर व्यापारी से बहस हो गई। हाथापाई हो गयी` आरोप है कि लोहे की रॉड से व्यवसायी का सिर फोड़ दिया गया` बताया गया है कि जब अमीन को अस्पताल ले जाया गया तो उनके सिर पर छह टांके लगे। कुछ दिन पहले शालीमार थाना क्षेत्र गरमाया था` घटना में कम से कम 6 लोग घायल हो गए` स्थिति से निपटने के लिए पुलिस दौड़ पड़ी। इससे पहले जून में दो गोष्ठी में झड़प हुई थी` एक बार फिर शालीमार स्टेशन पर हुई ।

## छात्रों को मिलेगी टैब मनी: सीएम

संवाददाता



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने टैब 'घोटाले' को लेकर खोला राज उन्होंने विदेशी हैकर्स पर उंगली उठाई । हालांकि, जांच में प्रशासन की भूमिका की सराहना करते हुए, ममता ने आश्वासन दिया कि राज्य उन छात्रों को पैसा देगा जिन्हें पैसा नहीं मिला है। दार्जिलिंग से लौटते समय बागडोगरा हवाईअड्डे पर ममता ने पत्रकारों से मुलाकात की। उन्होंने छात्रों के टैब की पैसे की 'चोरी' को लेकर पत्रकारों के सवालों का जवाब दिया। कहा, "टैब को लेकर एसआईटी बनाई गई हैं । यह प्रशासन का काम है, प्रशासन को करने दीजिये । यह मीडिया ट्रायल का मामला नहीं है। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र, राजस्थान के प्रोजेक्ट का पैसा भी हड़प लिया गया है` राज्य प्रशासन की प्रशंसा करते हुए, ममता ने दावा किया, हम अकेले हैं जिन्होंने इस समूह के छह लोगों को पकड़ा है। हमारा प्रशासन काफी मजबूत और कठोर है। 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है । बाकी जो करना होगा वो काम करेंगे। राज्य में करीब एक हजार छात्रों के टैब का पैसा चोरी हुआ है । उन्हें इस बात की चिंता थी कि क्या उन्हें वह पैसा वापस मिलेगा या नहीं। इस दिन मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जिन छात्रों को टैब का पैसा नहीं मिला है, उन्हें टैब का पैसा दिया जायेगा। संयोग से, राज्य सरकार ग्यारहवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं के लिए टैब खरीदने के लिए 10,000 रुपये देती है। इस प्रोजेक्ट का नाम है 'युवाओं का सपना' इस साल से दुर्गा पूजा से पहले छात्रों के खाते में पैसे भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गयी । लेकिन कई छात्रों की शिकायत थी कि उन्हें टैब का पैसा नहीं मिला । जांच के बाद पुलिस का अनुमान है कि कोई सरकारी कर्मचारी ही इस गिरोह के मुखिया को जानकारी दे रहा है । इसे स्पष्ट करने के लिए फोरेंसिक ऑडिट किया जाएगा और सभी कार्यालय कंप्यूटरों के आईपी पते की जांच की जाएगी। कोलकाता में दर्ज शिकायतों की जांच में पाया गया कि ज्यादातर मामलों में पैसा चोपड़ा, इस्लामपुर और इसके आसपास के इलाकों के निवासियों के बैंक खातों में जमा किया गया था। एक साल पहले आधार कार्ड फिंगरप्रिंट या एपीएस में फजीर्वाड़ा कर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सामने आया था। जांचकर्ता यह भी अनुमान लगा रहे हैं कि चक्र फिर से सक्रिय हो गया होगा और इस तरह से धोखाधड़ी की होगी। ऐसे में ममता ने राज्य पुलिस प्रशासन पर भरोसा किया।

## ईडी की तलाशी में कारोबारी के घर से करोड़ों रुपये मिले



संवाददाता

**कोलकाता।** शहर में फिर नोटों का पहाड़! ईडी की तलाशी में लेक मार्केट स्थित एक कारोबारी के घर से भारी मात्रा में नकदी मिली । शुक्रवार सुबह नोंटो काउंटिंग मशीन ली गई। सूत्रों के मुताबिक, अब तक 3 करोड़ रुपये गिने जा चुके हैं। नोटों की गिनती अभी भी जारी है । कल यानी गुरुवार को ईडी ने लॉटरी भ्रष्टाचार मामले में लेक मार्केट और मध्यमग्राम से सटे माइकलनगर इलाके में दो जगहों पर छापेमारी की थी` अभियान शुक्रवार को भी जारी है । सूत्रों का दावा है कि ईडी के अधिकारी इस दिन सुबह पैसे गिनने की मशीन साथ में लेकर लेक मार्केट में प्रिंस गुलाम मोहम्मद रोड स्थित घर में दाखिल हुए। बताया गया है कि 3 करोड़ रुपये पहले ही गिने जा चुके हैं । उधर, खबर है कि मध्यमग्राम से भी पैसे गिनने की मशीन ली गयी है` ज्ञात हो कि माइकल नगर स्थित दो मंजिला भवन के पूरब दिशा में डियर लॉटरी का गोदाम व कार्यालय है। हालांकि, ईडी ने पैसे की बरामदगी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है ।

संयोग से, लॉटरी संगठन के खिलाफ शिकायत यह थी कि लॉटरी जीतने से प्राप्त कर का पैसा सरकारी खजाने में देने के बजाय हवाला के माध्यम से विदेश में तस्करी किया गया था। उसके आधार पर दिल्ली में मैराथन पूछताछ चल रही है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर बिहार में गंगा सहित अन्य नदियों में लाखों ने लगाई डुबकी

एजेंसी



**पटना।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बिहार में गंगा, गंडक और बागमती घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के चलते पटना के कई इलाकों में महाजाम की स्थिति रही। पटना स्थित दीघा घाट पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। भारी भीड़ के चलते पटना-दीघा एलिवेटेड रोड पर गाड़ियां रेंगती दिखीं। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पटना के दूसरे घाटों पर भी भीड़ जुटी। त्रिवेणी घाट, कटैया घाट और मस्ताना घाट पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नजर आए। प्रशासन ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना के चलते ट्रैफिक व्यवस्था में में बदलाव भी किया गया था लेकिन सारी व्यवस्थाएं भीड़ के आगे ध्वस्त हो गईं। स्टेशन रोड से बेली रोड जाने वाला मार्ग, गांधी मैदान से एनआईटी घाट जाने वाला मार्ग और गर्दनीबाग जाने वाले रास्ते में फ्लाईओवर पर वाहन रेंगते नजर आए।गंगा स्नान करने आए श्रद्धालु भी नगर में जाम में फंसे रहे। यह जाम सुबह से दोपहर तक लगा रहा। लगभग आठ से 10 हजार गाड़ियां सिर्फ पटना में जाम में फंसी रहीं, जबकि पटना और हाजीपुर को जोड़ने वाले जेपी सेतु पुल पर भी जाम लगा रहा। पटना के अलावा बिहार के हाजीपुर, बेगूसराय के सिमरिया, गंडक नदी के त्रिवेणी संगम और बागमती के तटों सहित कमला नदी तट पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। उल्लेखनीय है कि सनातन धर्म में कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान-दान करने का बड़ा महत्व है। इस अवसर पर देशभर में गंगा नदी के घाटों पर स्नान के लिए भीड़ उमड़ती है। विशेषकर पटना, वाराणसी, हरिद्वार, ऋषिकेश और प्रयागराज में बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान-दान के लिए पहुंचते हैं।

## श्रीजगन्नाथ पूजा कमिटी कपालीटोला की बोइत बंदाण उत्सव का आयोजन

संवाददाता



**कोलकाता।** बोबाजार के कपालीटोला में श्रीजगन्नाथ पूजा कमिटी का बोइत बंदाण उत्सव आज बाबूघाट के राणि रासमणि घाट पर आयोजित किया गया। पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए कपालीटोला से एक सुसज्जित बोइत शोभाजात्रा निकाला गय। इस दिन की पूर्व संध्या में, रास उत्सव मनाया गया और प्रसाद परोसा गया। शोभायात्रा आज सुबह समाप्त हुआ। बिनौरी कल्याण संगठन मयूरभंज नृत्य मंडली ने संबलपूरी नृत्य और सुंदरगढ़ की आदिवासी नृत्य राजरास्ता से प्रस्तुत किया गया। शुक्रवार की सुबहबंदाण के मुख्य अतिथि पश्चिम बंगाल के मत्स्य पालन सहायक सचिव स्मृतिरंजन महान्ति ने कहा कि कलिंग के साधब इस दिन व्यापार के लिए बोइत में जाभा, सुमित्रा दीप की यात्रा किये थे। हम इस दिन को याद करते हैं और जश्न मनाते हैं। ऐसा कहा जाता है कि अतीत को याद करने से वर्तमान समृद्ध होता है । डाईना पलाई महान्ति, उत्कलीय मिलित मंच शिक्षा सेल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार प्रहराज, पूर्व पुलिस डीजी दुर्गाप्रसाद तारेणिआ, पूर्व आवासीय आयुक्त काशीनाथ बेहेरा, उत्कलीय मिलित मंच के पूर्व संपादक भक्तबत्सल जेना, मिलित मंच के सचिव विजय कुमार बारीक, भगवान दास, कालीनाथ सिंह, रमेश पडिहारी प्रमुख शामिल होकर ओडिशा के व्यापार के साथ विभिन्न दिशा के बारे में बोले कपालीटोला श्रीजगन्नाथ पूजा कमिटी के सचिव कम्बुनाथ दलाई ने स्वागत भाषण दिया । बैठक का संचालन उत्कलीय मिलित मंचा के शिक्षा सेल संपादक प्रशांत कुमार दास ने किया। इस दिन कपालीटोला से सुसज्जित बोइत डलहौसि, हाई कोर्ट होते हुए बाबू घाट पहुंची` साधव महिलाओं के बंदपना के बाद बोइत को गंगा में प्रवाहित किया गया । विद्याधर बेहेरा, डम्बरुधर बारिक, जीतेंद्र दण्डपाट, रमेश नायक, करुणाकर मल्लिक, जीतेंद्र कुमार दास, भरत कुमार बेहेरा, प्रह्लाद परिडा, सरोज कुमार परिडा, काशीनाथ दास, मनोरंजन परिडा, बसंत मल्लिक, दूच्शासन बेहेरा, सदाशिव नायक, विभूति भूषण साहू, अमूल्य दास, प्रशांत कुमार राउल और अन्य सदस्य द्वारा समग्र कार्यक्रम संचालन किया गया ।

### अशोकनगर रोड स्टेशन पर ट्रेन रोककर प्रदर्शन

**कोलकाता । अशोकनगर रोड स्टेशन पर स्थानीय लोगों ने बनगांव-सियालदह लोकल ट्रेन का मार्ग सीमित किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके कारण अप और डाउन लाइन पर कई ट्रेनें रुक गईं। इस आंदोलन के चलते व्यस्त समय में यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बनगांव से चलने वाली माझेरहाट लोकल अधिकतर दिनों में अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाती है। कई बार यह ट्रेन बारासात या कोलकाता स्टेशन पर रुक जाती है, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी कारण शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे से स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। सुबह साढ़े सात बजे डाउन माझेरहाट लोकल के अशोकनगर स्टेशन पर पहुंचते ही प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन रोक दी। इस दौरान नियमित यात्रियों और प्रदर्शनकारियों के बीच बहस भी हुई। यात्रियों का कहना है कि उन्हें ट्रेन में चढ़ने से रोका जा रहा है। इस विरोध के कारण बनगांव-सियालदह लाइन पर ट्रेन सेवा लगभग ठप हो गई है, जिससे कार्यस्थल के लिए निकले कई यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।**

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जन जातीय गौरव दिवस के रूप में मनी



एजेंसी

**अररिया ।** फारबिसगंज के प्लस टू स्तरीय ली अकादमी उच्च विद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा जन जातीय गौरव दिवस के रूप में समारोहपूर्वक मनी,जिसमे भाजपा विधानसभा प्रभारी सह एनवाईकेएस चयन समिति सदस्य प्रवीण कुमार, मुख्य पार्षद वीणा देवी और ली अकादमी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक तेज बहादुर सिंह ने भाग लिया और संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर एनवाईकेएस चयन समिति सदस्य प्रवीण कुमार,मुख्य पार्षद वीणा देवी और ली अकादमी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक तेज बहादुर सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी संघर्ष गाथा और जीवनी के बारे में बच्चों को जानकारी दी।वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा राष्ट्र नायक थे,जिन्होंने महज 25 वर्षों के जीवन काल मे न सिर्फ इतिहास रच दिया, बल्कि जल,जंगल और जमीन की रक्षा के लिए उनके संघर्ष, समर्पण और उनके मूल्य सर्वसमाज के अधिकार और सम्मान के प्रति संवेदनशील बनने के लिए हरेक भारतीय को प्रेरित करता रहेगा। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।जिसमें सफल पांच छात्राओं यथा काजल, स्नेहा, गरिमा, नजराना एवं शिफा को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन एनवाईकेएस यूथ क्लब के सदस्य गौरव कुमार ने किया।इस अवसर सैकडों छात्र छात्राएं सहित अनेकों शिक्षक मौजूद थे।

## आईईएम कोलकाता ने इन्वेंटर्स चैलेंज 2024 जीता

संवाददाता



**कोलकाता।** नवाचार के शानदार प्रदर्शन में, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (आईईएम), कोलकाता ने इन्वेंटर्स चैलेंज 2024 में शीर्ष सम्मान प्राप्त किया है। एआईसीटीई और एसटीएमइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ने पूरे भारत से 2,765 टीमों को आकर्षित किया।

आईईएम कोलकाता की विजेता परियोजना, ह्यइकोनॉमिक वेस्ट ऑयल रिसाइक्लरह्न ने 14 नवंबर, 2024 को नोएडा, दिल्ली में ग्रैंड फिनाले में जजों को प्रभावित किया। यह गेम-चेंजिंग समाधान समुद्री क्षेत्र को लक्षित करते हुए इस्तेमाल किए गए इंजन ऑयल को उद्योग-ग्रेड ईंधन तेल में रिसाइकल करता है। इस डिवाइस में अत्याधुनिक तकनीक है, जिसमें एक ज्वलनरहित रासायनिक प्रतिक्रिया कक्ष और 3000 आरपीएम पर संचालित होने वाला एक उच्च गति वाला सेंट्रीफ्यूज शामिल है।

तीसरे वर्ष के छात्रों श्यातन कुंडू, अद्रिजा घोष और सुवोजीत मैती ने सलाहकार डॉ. प्रीति दास और अर्घ्य रॉय के मार्गदर्शन में इस अभूतपूर्व परियोजना को विकसित किया। उनके सहयोगात्मक प्रयासों का फल मिला और उन्होंने कई मूल्यांकन दौरों में प्रतिस्पर्धियों को हरा दिया। आईईएम कोलकाता के निदेशक प्रोफेसर डॉ. सत्यजीत चक्रवर्ती ने टीम की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, यह जीत हमारे छात्रों और संकाय की अविश्वसनीय प्रतिभा और समर्पण को दशार्ती है।

हम नवाचार को बढ़ावा देते हैं, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान करते हैं। इकोनॉमिक वेस्ट ऑयल रिसाइक्लर में औद्योगिक रूप से अपनाने की व्यापक संभावनाएं हैं, खासकर समुद्री क्षेत्र में। उद्योग विशेषज्ञों के ध्यान देने से, यह परियोजना बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन को बढ़ावा दे सकती है, जिससे इंजीनियरिंग और नवाचार के लिए एक अग्रणी संस्थान के रूप में आईईएम कोलकाता की प्रतिष्ठा मजबूत होगी। यह जीत विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भावी लीडर्स को तैयार करने की संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### फीफा ने क्लब विश्व कप ट्रॉफी का किया अनावरण



**जिनेवा।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन फुटबॉल (फीफा) ने पुनर्गठित फीफा क्लब विश्व कप की ट्रॉफी का गुरुवार को अनावरण किया। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने घोषणा की कि ट्रॉफी को फीफा द्वारा डिजाइन किया गया था और इसे लक्जरी ज्वेलरी टिफनी के सहयोग से तैयार किया गया है। फीफा के अध्यक्ष जियानी इनफैंटिनो ने कहा, नवीन, समावेशी, अभूतपूर्व और वास्तव में वैश्विक, नया 32-टीम फीफा क्लब विश्व कप एक ऐसी ट्रॉफी का हकदार है जो इन सभी का प्रतिनिधित्व करती हो। एक स्वर्ण ट्रॉफी जो भविष्य का प्रतीक है और अतीत से प्रेरित है, प्रतिष्ठित और कालातीत दोनों है। 2025 क्लब विश्व कप 15 जून से 13 जुलाई, 2025 तक संयुक्त राज्य अमेरिका के 11 शहरों में आयोजित किया जाएगा। फाइनल न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा।

### युगांडा ने 2025 अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए किया क्वालीफाई



**कंपाला।** युगांडा क्रेन्स ने अपने आखिरी दो ग्रुप के मैच खेलने से पहले अफ्रीका कप ऑफ नेशंस (एएफसीओएन) 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। शुक्रवार को कंपाला में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने मैच से पहले, युगांडा क्रेन्स ने अफ्रीका के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए टिकट बुक कर लिया, क्योंकि दक्षिण सूडान ने गुरुवार को जुबा में खेले गए ग्रुप के दूसरे मैच में कांगो गणराज्य को 3-2 से हरा दिया। दक्षिण सूडान की जीत का मतलब है कि 10 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर रहने वाला युगांडा और आठ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाला दक्षिण अफ्रीका स्वतः ही क्वालीफाई कर गया है, क्योंकि अपने आखिरी मैचों में दक्षिण सूडान (3 अंक) और कांगो (4 अंक) की जीत उन्हें उन अंकों तक पहुंचने में मदद नहीं कर सकती है, जो शीर्ष दो टीमें पहले ही हासिल कर चुकी हैं। युगांडा के खेल राज्य मंत्री पीटर ओगवांग ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि आखिरी दो मैच खेलने से पहले हमारी टीम ने मोरक्को में होने वाले एएफसीओएन 2025 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

### शुल काम्बोज ने झटके 10 विकेट

**रोहतक।** हरियाणा के युवा गेंदबाज अंशुल काम्बोज ने रणजी ट्रॉफी में इतिहास रचते हुए एक पारी में 10 विकेट लेकर नया रिकार्ड बनाया।अंशुल को यह उपलब्धि केरल के खिलाफ अपनी टीम के पांचवे दौर के मैच में हासिल हुई। इस के साथ ही वह रणजी ट्रॉफी के इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गये हैं। अंशुल ने 30.1 ओवर में 49 रन देकर 10 विकेट झटकते हुए यह रिकार्ड बनाया।

# टिम साउथी ने की इंग्लैंड सीरीज के बाद संन्यास की घोषणा

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउथी इस साल दिसंबर में इंग्लैंड के खिलाफ हैमिल्टन के सेडन पार्क में अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज साउथी हालांकि अगले साल जून में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने पर देश के लिए खुद को उपलब्ध रखेंगे। साउथी ने न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के हवाले से कहा, न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करना ही वह सब था जिसका मैंने बचपन में सपना देखा था। 18 साल तक ब्लैककैप्स के लिए खेलना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान और सौभाग्य रहा है, लेकिन अब मुझे लगता है कि उस खेल से दूर होने का समय आ गया है जिसने मुझे इतना कुछ दिया है। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट मेरे दिल में एक खास जगह रखता है, इसलिए उसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ इतनी बड़ी सीरीज खेलने में सक्षम होना, जिसके खिलाफ इतने साल पहले मेरा टेस्ट करियर शुरू हुआ था, और तीन मैदानों पर जो मेरे लिए बेहद खास हैं, ब्लैक कैप में मेरे समय को समाप्त करने का यह सबसे सही तरीका लगता है। साउथी ने पहली बार 2008 में अंडर-19 विश्व कप में 17 विकेट लेकर प्रसिद्धि पाई, जिसमें उन्होंने केवल छह की औसत से 17 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। अपने 18 साल के शानदार करियर में, साउथी ने तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया, चार वनडे विश्व कप, सात टी20 विश्व कप, दो चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट और एक डब्ल्यूटीसी फाइनल में भाग लिया, जिसमें उन्होंने साउथेम्प्टन में पांच विकेट लिए।



**साउथी ने पहली बार 2008 में अंडर-19 विश्व कप में 17 विकेट लेकर प्रसिद्धि पाई**

### साउथी ने टॉम लैथम को सौंप दी थी जिम्मेदारी

न्यूजीलैंड के रेड-बॉल क्रिकेट में अब तक के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज, साउथी ने अब तक 104 मैचों में 385 टेस्ट विकेट लिए हैं और वे दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने टेस्ट में 300 से अधिक, वनडे में 200 और टी20 में 100 से अधिक विकेट लिए हैं। हाल ही में, साउथी ने भारत में न्यूजीलैंड के ऐतिहासिक 3-0 के वाइटवॉश में एक महत्वपूर्ण ऑलराउंड भूमिका निभाई - 2012-13 सीजन के बाद से किसी मेहमान टीम द्वारा पहली बार ऐसा किया गया। श्रृंखला से पहले, इस वरिष्ठ तेज गेंदबाज ने कप्तानी की जिम्मेदारी टॉम लैथम को सौंप दी थी। एनजेडसी के मुख्य कार्यकारी स्कॉट वीनिंक ने साउथी को न्यूजीलैंड के महानतम खिलाड़ियों में से एक बताया, खास तौर पर पिछले कुछ सालों में टीम की रेड-बॉल सफलता का श्रेय उन्हें दिया। उन्होंने कहा,टिम ब्लैककैप्स की बेहतर होती किस्मत में लगातार अहम भूमिका निभाते रहे हैं और उन्हें आधुनिक न्यूजीलैंड के खेल के दिग्गज के रूप में याद किया जाएगा। अठारह साल पहले नेपियर में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच में उतरने के बाद से ही उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए खेलने में अपना दिल और आत्मा लगा दी है और टीम को कुछ अकल्पनीय परिणाम हासिल करने में मदद की है। उन्होंने कहा, उन्हें इस इंग्लैंड टेस्ट दौरे में पहले से ही अभूतपूर्व रुचि है और मुझे यकीन है कि हमारे सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक को विदाई देने का मौका इस श्रृंखला के लिए प्रत्याशा और प्रचार को और बढ़ा देगा। टिम के पास खेल के अनुभव और ज्ञान का एक अविश्वसनीय भंडार है और भले ही उन्होंने अपने खेल करियर को अलविदा कह दिया हो, लेकिन मुझे आश्चर्य होगा अगर हम उन्हें भविष्य में किसी अन्य भूमिका में न देखें। टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने भी न्यूजीलैंड के लिए जीत में योगदान देने के लिए साउथी की प्रशंसा की। स्टीड ने कहा, टिम की दृढ़ता और लचीलापन शानदार रहा है। वह अविश्वसनीय रूप से कठिन प्रतियोगी है जो बड़े मौकों के लिए खुद को तैयार करते हैं और शायद ही कभी चोटिल होते हैं।

# इंग्लैंड सीरीज के लिए विलियमसन की वापसी

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। केन विलियमसन कमर की चोट से उबर चुके हैं, जिसके कारण वे न्यूजीलैंड के भारत दौरे से बाहर रहे थे, लेकिन अब वे इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मैच के लिए टीम में शामिल हो गए हैं, जबकि वेलिंगटन के ऑलराउंडर नाथन स्मिथ को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। अनकैप्ड सीमर जैकब डफी भी टीम का हिस्सा हैं, जबकि बेयर सियर्स (घुटना) और काइल जैमीसन (पीठ) चोट के कारण टीम में नहीं हैं। पुणे में 13 विकेट लेने वाले बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर वेलिंगटन और हैमिल्टन में होने वाले दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए टीम में शामिल होंगे। पहला टेस्ट 28 नवंबर से क्राइस्टचर्च में होगा। 26 वर्षीय स्मिथ ने इस सप्ताह की शुरूआत में श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था। पिछले सीजन के प्लंकेट शील्ड में वे 17.18 की औसत से 33 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और सितंबर में उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट दिया गया। उन्होंने पिछले सीजन की काउंटी चैंपियनशिप में वॉर्सेस्टरशायर के लिए 21.14 की औसत से 27 विकेट लिए और तीन अर्धशतक भी लगाए। भारत के खिलाफ 15 विकेट लेने वाले एजाज पटेल को टीम में शामिल नहीं किया गया है, जिसका मतलब है कि घर से बाहर अपने सभी 85 टेस्ट विकेट लेने का उनका रिकॉर्ड अभी बरकरार रहेगा। विलियमसन के फिट होने से भारत में सीरीज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी विल यंग पर अपनी जगह बरकरार रखने का दबाव बढ़ सकता है। शुक्रवार को पहले ही घोषणा की गई थी कि टिम साउथी इंग्लैंड सीरीज के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, जब तक कि न्यूजीलैंड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच जाता। भारत में 3-0 की जीत ने उन्हें फिर से फाइनल में पहुंचने का मौका दिया है, हालांकि इंग्लैंड को हराने के बाद भी इसकी गारंटी नहीं होगी। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स ने कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह टीम के लिए बड़ी सीरीज है और अब टिम साउथी जैसे खिलाड़ी को विदाई देना भी इसे और भी महत्वपूर्ण बनाता है। टिम का करियर शानदार रहा है और वह महान ब्लैक कैप्स में से एक के रूप में जाने जाएंगे।



# प्रजनेश गुणेश्वरन ने की पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा

एजेंसी

**चेन्नई।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रजनेश गुणेश्वरन ने शुक्रवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की। जकार्ता एशियाई खेलों 2018 में एकल कांस्य पदक जीतने वाले 35 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, मैं खेल को अलविदा कह रहा हूं। धन्यवाद। गुणेश्वरन 2019 में एटीपी रैंकिंग में अपने सर्वश्रेष्ठ 75 वें पायदान पर पहुंचे थे। उन्होंने कई वर्षों तक शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए आभार व्यक्त किया।

गुणेश्वरन ने कहा, मैं जब यह लिख रहा हूं तो मेरा दिल कृतज्ञता, गर्व और पुरानी यादों के स्पर्श से भर रहा है। आज, मैं आखिरी बार प्रतिस्पर्धी टेनिस कोर्ट से बाहर निकल रहा हूं। उन्होंने लिखा, तीन दशकों से अधिक समय से, यह खेल मेरा जीवन, मेरा सबसे बड़ा शिक्षक और मेरा सबसे वफादार साथी रहा है। पहली बार रैकेट पकड़ने से लेकर बड़े टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व करने तक की यात्रा मेरे लिए असाधारण रही है।



# आईपीएल नीलामी में मार्की खिलाड़ियों के होंगे दो सेट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजियों को सूचित किया है कि आगामी खिलाड़ियों की नीलामी में मार्की खिलाड़ियों के दो सेट होंगे। यह नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होगी। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, नीलामी की तैयारी कर रहे फ्रेंचाइजियों को, बीसीसीआई ने बताया है कि दो मार्की लिस्ट होंगी, जिनमें प्रत्येक सेट में 8-9 खिलाड़ी होंगे। हालांकि, मेगा-नीलामी में दो एलीट लिस्ट होना असामान्य नहीं है, लेकिन 2022 में पिछली बड़ी नीलामी में केवल एक ही थी। हालांकि, 2018 और 2014 की नीलामी में दो सेट थे। एलीट ग्रेड में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों में ऋषभ पंत, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, आर अश्विन, मिशेल स्टार्क और जोस बटलर शामिल हैं। बेन स्टोक्स भी कट बना सकते थे, लेकिन उन्होंने इस साल की नीलामी के लिए पंजीकरण नहीं कराया है, जो जेद्दा के अबादी अल जोहर एरिना में आयोजित की जाएगी, जिसे बेंचमार्क एरिना के रूप में भी जाना जाता है।

प्रत्येक मार्की खिलाड़ी ने खुद को 2 करोड़ रुपये का आधार मूल्य दिया है, उम्मीद है कि पहले दो सेट के अंत तक, उपलब्ध नीलामी पर्स का 30 से 50 प्रतिशत खर्च हो जाएगा। प्रत्येक फ्रैंचाइजी द्वारा कम से कम दो बड़े नामों को हासिल करने की संभावना है, जिनकी कीमत उन्हें औसतन 20-25 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है, जो कुल उपलब्ध पर्स 641.5 करोड़ रुपये से कुल मिलाकर 200-250 करोड़ रुपये प्राप्त कर सकते हैं। फ्रैंचाइजी ने हाल ही में रिटेंशन पर अनुमत 1200 करोड़ रुपये में से 558.5 करोड़ रुपये पहले ही खर्च कर दिए हैं। दो दिनों की नीलामी की कार्यवाही खिलाड़ियों के पहले दो सेटों की बोलियों से तय होगी, जिनमें से अधिकांश के बिकने की उम्मीद है। पंजाब किंग्स, जिसके पास 110.5 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी बैंक जमा राशि है, को सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मिलने की उम्मीद है। बोली लगाने का सही क्रम और मार्की सूची बीसीसीआई द्वारा अगले कुछ दिनों में जारी की जाएगी। बीसीसीआई ने हाल ही में 1,574 नामों का एक रजिस्टर प्रसारित किया, जिसमें 1,165 भारतीय खिलाड़ी और 409 विदेशी खिलाड़ी हैं। इस सूची में 320 कैप्ड, 1224 अनकैप्ड और 30 एसोसिएट खिलाड़ी शामिल हैं।




### खिलाड़ियों की सूची

- कैप्ड इंडियन (48 खिलाड़ी)
- कैप्ड इंटरनेशनल (272 खिलाड़ी)
- एसोसिएट (30 खिलाड़ी)
- अनकैप्ड इंडियन जो पिछले आईपीएल सीजन का हिस्सा थे (152 खिलाड़ी)
- अनकैप्ड इंटरनेशनल जो पिछले आईपीएल सीजन का हिस्सा थे (3 खिलाड़ी)
- अनकैप्ड इंडियन (965 खिलाड़ी)
- अनकैप्ड इंटरनेशनल (104 खिलाड़ी)

# प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के सीईओ नियुक्त हुए अमनदीप जोहल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने गुरूवार को जनवरी 2025 से अमनदीप जोहल को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की है। भारतीय गोल्फ में एक सम्मानित नाम, जोहल अपनी नई भूमिका में व्यापक अनुभव लेकर आए हैं।

यह नियुक्ति हाल ही में एक और महत्वपूर्ण नेतृत्व वृद्धि के साथ हुई है, जिसमें दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव ने इस साल जून में पीजीटीआई अध्यक्ष की भूमिका संभाली थी। जोहल उत्तम सिंह मुंडी की जगह लेंगे, जिन्होंने इसकी स्थापना के बाद से संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जोहल, जो हाल ही तक पीजीटीआई बोर्ड में थे, 1 जनवरी, 2025 से कार्यभार संभालेंगे। 31 दिसंबर, 2024 तक की अंतरिम अवधि में, वह हैंडओवर प्रक्रिया को पूरा करने में मुंडी की सहायता करेंगे। जोहल के सीईओ के रूप में पदोन्नति का स्वागत करते हुए, कपिल देव ने एक आधिकारिक बयान में कहा, अमनदीप लगभग 34 वर्षों से भारतीय और एशियाई गोल्फ सर्किट में हैं और यह बिल्कुल सही है कि कोई ऐसा व्यक्ति जो खेल में इतना डूबा हुआ है, पीजीटीआई का नेतृत्व करे। भारत में गोल्फ के लिए यह रोमांचक समय है और अमनदीप के नेतृत्व में, पीजीटीआई भारत और दुनिया भर में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए तत्पर है।



## व्यापार

# भारत में परिवहन के अवसर बहुत बड़े हैं, अभी तक इनका समुचित इस्तेमाल नहीं हुआ है: उबर

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** ऐप आधारित टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली कंपनी उबर के भारत एवं दक्षिण एशिया के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह ने कहा कि भारत मात्रा के हिसाब से सबसे बड़े बाजारों में से एक है और यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इसे एक अत्यंत महत्वपूर्ण बाजार करार दिया जो इस राइड-हाइलिंग मंच को कई दशक तक अवसर उपलब्ध करा सकता है। हालांकि अभी तक इनका समुचित इस्तेमाल नहीं हुआ है। सिंह ने कहा कि भारत में परिवहन के कई अवसर हैं और कंपनी का मानना है कि उत्पादों तथा सेवाओं की बेहतर श्रृंखला व मजबूत वृद्धि के बावजूद कंपनी ने अभी महज शुरूआत ही की है।

उबर इंडिया के शीर्ष अधिकारी ने कहा, ह्यह्य हालांकि हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, फिर भी अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि परिवहन की दिग्गज कंपनी बाजार में अत्याधुनिक नवाचार लाना जारी रखेगी और भारत-प्रथम नवाचारों को दुनिया के बाकी हिस्सों में भी ले जाएगी। सिंह ने कहा, यह एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण बाजार है, जो कई दशक तक अवसर मुहैया करा सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत का कारोबार कई विकास इंजनों पर आधारित है, जिनमें उबर ऑटो और मोटो शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि किसी भी बाजार या श्रेणी में तीव्र प्रतिस्पर्धा इस बात का संकेत है कि वह क्षेत्र अविश्वसनीय रूप से तेजी से बढ़ रहा है और नए नवाचारों को आकर्षित कर रहा है। श्रम मंत्रालय के गिग श्रमिकों के लिए प्रस्तावित सामाजिक सुरक्षा ढांचे पर सिंह ने कहा कि उबर हमेशा से सामाजिक सुरक्षा संहिता जैसे कानून की वकालत करने में सबसे आगे रही है।

ऑनलाइन मंच के लिए काम करने वाले अस्थायी कर्मचारियों को गिग वर्कर्सकहा जाता है। उन्होंने कहा, हम पहले से ही चालकों को ई-श्रम मंच के जरिये पंजीकरण कराने को प्रोत्साहित कर रहे हैं।



# जापान की अर्थव्यवस्था उपभोक्ता व्यय के दम पर लगातार दूसरी तिमाही में बढ़ी

एजेंसी

**तोक्यो ।** जापान की अर्थव्यवस्था उपभोक्ता व्यय के दम पर लगातार दूसरी तिमाही में बढ़ी और जुलाई-सितंबर में इसकी वृद्धि दर 0.9 प्रतिशत रही। जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात सामने आई। विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। मंत्रिमंडल कार्यालय के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, घरेलू मांग में 2.5 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि हुई। निजी खपत स्वस्थ घरेलू खपत के दम पर 3.6 प्रतिशत बढ़ी है।

जो जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आधे से अधिक हिस्सा बनाती है निर्यात में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। येन का कमजोर होना निर्यात के लिए फायदेमंद है, क्योंकि इससे जापानी उत्पाद विदेशों में सस्ते हो रहे हैं। हालांकि, पिछली तिमाही में इसका प्रभाव अपेक्षाकृत सीमित रहा। इस साल की शुरूआत में जापानी येन 160-येन के स्तर पर कारोबार कर रहा था। अब यह 150-येन के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सुमी ट्रस्ट के वरिष्ठ रणनीतिकार कात्सुतोशी इनादोम ने कहा, हमारा मानना है कि विदेशी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि के समर्थन से जापानी अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे बढ़ती रहेगी।



# सस्ता हुआ सोना, चांदी की चमक घटी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में लगातार 7वें दिन गिरावट आई है। सोना 1,100 रुपये से लेकर 1,200 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इसी तरह चांदी के भाव में भी 1,500 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट आई है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 76 हजार रुपये के स्तर से नीचे गिर कर 75,790 रुपये से लेकर 75,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 70 हजार के स्तर से नीचे लुढ़क कर 69,490 रुपये से लेकर 69,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज 89,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 75,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 75,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 75,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 69,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 75,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 69,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 75,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 75,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 69,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 75,690 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 69,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 75,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 69,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### कार्तिक मास स्नान का आज दीपदान के साथ हुवा समापन



**चौमहला /झालावाड़। चमकता राजस्थान /रमेश मोदी।** कार्तिक मास की पूर्णिमा देव दीपावली पर कार्तिक माह स्न्नान का समापन हुवा ,इस दौरान पवित्र जलाशय ,नदी तालाब पर सायंकालीन समय मे दीप दान करने की परंपरा सनातन काल से चली आ रही है , हिन्दू शास्त्रों के अनुसार कार्तिक स्नान व्रत में महिलाएं पूरे महीने सुबह चार बजे ब्रह्म महूर्त में उठकर स्न्नान कर पूजा सामग्री लेकर मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर दिनभर व्रत रख कर एक समय भोजन करती है ,यह क्रम पूरे कार्तिक मास चलता है जिसका समापन कार्तिक पूर्णिमा को यानी देव दीपावली को दीप दान के साथ होता है ,इस दिन महिलाएं 30 व 35 दीपक की बाती प्रज्ववलित कर तैरने वाले पटिये ,या थर्मोकोल शीट नदी ,तालाब , में प्रवाहित करती है ,शास्त्रों की मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा को स्न्नान व दीपदान को बेहद महत्वपूर्ण माना गया है दीपदान करने से व्यक्ति को समस्त यज्ञों ,तीर्थो व दान के बराबर पुण्यफल की प्राप्ति होती है ,इसलिए दीप दान का महत्व और अधिक बढ़ जाता है ।दीपदान करने से सभी तरह के संकटो से मुक्ति मिलती है व यम ,शनि ,राहु केतु के बुरे प्रभाव भी दूर होते है ।

### गाजीपुर में होगी रविवार को किसानों की मीटिंग

**चमकता राजस्थान। भुसावर (राजवीर सिंह)।** पानी और रोजगार के लिये वर्ष 2007 से लगातार संघर्षरत समाजवादी विचारक और पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह जाट का रविवार 17 नवम्बर को ग्राम गाजीपुर में अभिनन्दन किया जायेगा ।

किसान नेता और कार्यक्रम संयोजक घनश्याम गाजीपुर ने बताया कि बाणगंगा नदी में पानी लाने तथा बाणगंगा नदी को गम्भीर नदी से जोड़ने , पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने तथा इआरसीपी के तहत भरतपुर जिले में प्रथम चरण में पानी उपलब्ध कराने और सिंचाई पानी ' खेती ' रोजगार के मुद्दे पर गाँव गाजीपुर में प्रातः11 बजे मिंट्रिग भी होगी जिसे पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन ' इन्दल सिंह और मोहन सिंह गुर्जर संवोधित करेंगे ।

इस मीटिंग में आस पास के अनेक गाँवों के ग्रामीण भी हिस्सा लेगे । सभी लोगों द्वारा आंगुन्तक नेताओं का जोरदार स्वागत किया जायेगा।

### एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया बाल दिवस



**चमकता राजस्थान । भुसावर (राजवीर सिंह)** बाल दिवस के उपलक्ष में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने सभी बच्चों के बीच में बाल दिवस मनाया एवं आधुनिक निर्माता पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद किया, बच्चों को पेन पेंसिल भेंट की समस्त स्कूल स्टाफ। घनश्याम चौधरी प्रधानाध्यापक,सोनल ढाका,प्रकाश रतनु,मन्नी यादव एम, भवानीसिंहशेखावत, मुकेश चन्द जांगिड, अमित कुमार एनएसयूआई कार्यकर्ता, राजस्थान यूथ कांग्रेस विनोद जाखड़,एनएसयूआइ राजस्थान सचिन पायलेट, भरतपुर सांसद संजना जाटव आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग बेटी ने बाप पर लगाये दुष्कर्म के प्रयास के आरोप

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** राजस्थान में भरतपुर के रुदावल पुलिस थाने में 12 साल की सातवी कक्षा में अध्ययनरत एक नाबालिग छात्रा द्वारा अपने पिता के खिलाफ कथित दुष्कर्म की कोशिश करने का मामला दर्ज करवाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मां के निधन के तीसरे दिन ही आरोपी पिता ने उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। छात्रा ने स्कूल की दीवार पर लिखे चाइल्ड लाइन के 1098 नंबर से प्रेरित होकर यह कदम उठाने के साथ फोन पर सारी घटना भी बताई। छात्रा ने आरोपी पिता को शराबी बताते रिपोर्ट में लिखा है कि उंसकी दो बहनें दादी और नानी के पास रहती हैं। पिता उसे गंदी नजर से देखते हैं। करीब 6 महीने पहले रात को आरोपी पिता ने उसके साथ अश्लील हरकत कि जब नाबालिग चिल्लाई तो नाबालिग की मां जाग गई जिन्होंने उसे बचाया था। पीड़ित छात्रा की माँ का बीमारी के चलते दो महीने पहले ही निधन हुआ है। बताया गया कि चाइल्ड लाइन पर फोन करने के बाद उसे पुलिस इमदाद प्राप्त हुई और थाने पहुच कर मुकदमा दर्ज कराया गया।



### फरार अपराधी की गिरफ्तारी पर चवन्नी के ईनाम की चर्चा जोरों पर

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** फरार वांछित अपराधी की गिरफतारी हेतु घोषित किया गया चवन्नी (25 पैसे) का ईनाम भरतपुर संभाग ही नही दूर दूर तक चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि भरतपुर के पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा द्वारा जारी एक आदेश में भरतपुर के पुलिस थाना लखनपुर के प्रकरण संख्या 99/2024 में फरार वांछित अपराधी 48 वर्षीय खूबीराम पुत्र सूरजमल जाट निवासी मई पुलिस थाना लखनपुर की गिरफ्तारी हेतु 25 पैसे (पच्चीस पैसे) का ईनाम घोषित किया गया है। भरतपुर पुलिस की तरफ से फरार वांछित अपराधी की गिरफतारी हेतु की गई इस घोषणा को अभिनव प्रयोग बताया गया है।




## पुष्कर मेले का भव्य समापन

# अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित होगा पुष्कर: उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

## हर साल पूरी भव्यता के साथ आयोजित होगा मेला

## विश्व के पर्यटन मानचित्र पर अग्रणी होगा राजस्थान

चमकता राजस्थान





अजमेर 15 नवंबर। उप मुख्यमंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि तीर्थराज पुष्कर को अयोध्या और काशी की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय श्री पुष्कर पशु मेला प्रतिवर्ष पूरी भव्यता के साथ आयोजित होगा। केन्द्र व राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से राजस्थान अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अग्रणी होगा।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय श्री पुष्कर मेला-2024 के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि तीर्थराज पुष्कर का पूरे विश्व में विशिष्ट महत्व है। जगतपित ब्रह्मा की नगरी पुष्कर करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र है। राज्य सरकार पुष्कर के विकास के लिए पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। पुष्कर का विकास अयोध्या एवं काशी की तर्ज पर सुनियोजित तरीके से किया जाएगा। पुष्कर विकास की बड़ी रूपरेखा तैयार कर कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस साल 6 लाख से अधिक देशी-विदेशी पर्यटक व श्रद्धालुओं ने मेले में भाग लिया है। वर्ष 2019 के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मेले में आए हैं। पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से हर साल मेले को पूर्ण भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। इस साल 20 हजार से ज्यादा विदेशी पर्यटक भी मेले में आए हैं। देश के प्रत्येक व्यक्ति की भावना पुष्कर से जुड़ी हुई है। मेले और पुष्कर विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

उन्होंने कहा कि पुष्कर मेले का इतना प्रचार-प्रसार किया जाएगा कि भारत आने वाला व्यक्ति पुष्कर आने की इच्छा रखे। यहां संसाधन भी उसी अनुरूप विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार देश और राजस्थान में पर्यटन विकास के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य सरकार राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए मिल कर काम कर रहे हैं। राजस्थान में पर्यटन विकास के लिए बजट में 5 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी बनाएंगे। जल संसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश रावत ने कहा कि पुष्कर मेले को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। इस बार मेला पूरी तरह सफल रहा है। जगतपिता ब्रह्मा की नगरी तीर्थराज पुष्कर का भव्य विकास किया जाएगा। उन्होंने मेले के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी। रावत ने कहा कि पुष्कर का सुनियोजित विकास किया जा रहा है। सभी को साथ लेकर समन्वित रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे। इससे पूर्व मेले में रस्साकस्सी, मटका दौड़, चम्मच रेस और लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत, नगर परिषद सभापति कमल पाठक, जिला कलक्टर लोक बन्धु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़ एवं ज्योति ककवानी एवं प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## श्री पुष्कर मेला 2024

### उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बनी 52 घाटों पर 5100 महिलाओं के द्वारा किए गए 51 हजार दीपदान की साक्षी

## समस्त 52 घाटों पर हुई महाआरती

चमकता राजस्थान



अजमेर 15 नवंबर। श्री पुष्कर मेला 2024 में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सरोवर के समस्त 52 घाटों पर महाआरती और दीपदान कर रिकॉर्ड बनाया गया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत एवं मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने जयपुर घाट पर पूजा अर्चना कर महाआरती की।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में सरोवर के समस्त 52 घाटों पर 5100 महिलाओं ने 51 हजार दीपदान एक साथ एक समान परंपरागत चुनड़ी वेशभूषा में कर रिकॉर्ड बनाया। इसकी घोषणा इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स के डॉ. विनोद शर्मा के द्वारा की गई। इस रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र मौके पर सुपुर्द किया गया। पीसांगन, पुष्कर एवं अजमेर के ग्रामीण क्षेत्र की राजीविका स्वयं सहायता समूह, आशा सहयोगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं सहित 5100 महिलाएं घाटों पर उपस्थित रही। मुख्य आयोजन जयपुर घाट पर हुआ। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पवन कुमार राजऋषि, रविंद्र गौड़, पंडित कैलाश नाथ दाधीच, चंद्रशेखर गौड़, चितरंजन राजोरिया आदि ने पूजा संपन्न करवाई। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राज्य की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में नगाड़ा वादन एवं आतिशबाजी भी हुई।

जिला कलक्टर लोक बंधु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, एडीएम गजेंद्र सिंह राठौड़, ज्योति ककवानी एवं वंदना खोरवाल तथा प्रोटोकॉल ऑफिसर श्रीमती अपूर्वा परवाल उपस्थित रहे।

### बाड़ी से तृतीय खाटूश्याम पदयात्रा रवाना, श्रद्धा और उल्लास के साथ भव्य स्वागत



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी से तृतीय खाटूश्याम पदयात्रा का जत्था आज अत्यधिक श्रद्धा और उल्लास के साथ खाटूश्याम कमेटी बाड़ी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर पचौरी के नेतृत्व में रवाना हुआ। इस यात्रा में प्रमुख रूप से चन्द्रशेखर पचौरी, राजकुमार दिघर्रा, शिवशंकर दिघर्रा, रवि तमोली, हरीबाबू गौड , राहुल तिवारी, छोटू परमार, शुभम गोयल, मोदी और ऋषि दीघर्रा जैसे भक्त शामिल हैं। यात्रा के लिए सभी श्रद्धालु जोश और आस्था से भरे हुए थे, और यह जत्था खाटूश्याम जी के दर्शन के लिए सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा पर निकल पड़ा। खाटूश्याम कमेटी के सभी सदस्य यात्रा के दिन एकत्रित हुए और पदयात्रियों का स्वागत कर उन्हें आशीर्वाद दिया। कमेटी के सदस्यों ने यात्रा को सफल और मंगलमय बनाने के लिए विशेष प्रार्थना की। यात्रा से पहले एक धार्मिक आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय भक्तों ने पूजा अर्चना की। पूजा में अशोक दिघर्रा, गोविंद शर्मा, जितेन्द्र दिघर्रा, राहुल तमोली, पंकज अग्रवाल, ऋषभ शर्मा, मुकेश शर्मा और आकाश बंसल ने प्रमुख रूप से भाग लिया और भगवान खाटूश्याम से उनकी आशीर्वाद की कामना की। इस अवसर पर भक्तों ने खाटूश्याम महाराज के प्रति अपनी भक्ति और श्रद्धा को प्रदर्शित किया और विश्वास जताया कि भगवान खाटूश्याम उनके हर दुःख और परेशानी को दूर करेंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान खाटूश्याम जी के दर्शन करना और उनकी कृपा प्राप्त करना है, जो हर साल बड़ी श्रद्धा और धूमधाम के साथ आयोजित की जाती है। इस बार भी यात्रा का वातावरण भक्तिमय था और सभी का मन आस्था और भक्ति से भरपूर था।

# ठगी पीड़ितों के भुगतान की गारंटी हेतु 'भुगतान करो या सत्ता छोड़ो' महापंचायत एवं पदयात्रा कलेक्टर को दिया ज्ञापन

चमकता राजस्थान



धौलपुर (रामदास तरुण)। धौलपुर में 15 नवम्बर 2024 को शहीद बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के जैतपुर स्थित वीर नदी माँ चम्बल के घाट पर एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में देशभर के ठगी पीड़ितों के हजारों प्रतिनिधि एकत्रित हुये, जो सरकार से 42 करोड़ ठगी पीड़ितों को भुगतान दिलाने की मांग कर रहे है। यह मांग विशेष रूप से अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 के तहत दो से तीन गुणा भुगतान देने के लिए की जाएगी। महापंचायत के बाद सभी ठगी पीड़ित एक सामूहिक पदयात्रा में शामिल होकर जिला कलेक्ट्रेट थौलपुर (राजस्थान) पहुंचें। और वहां कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। इसके बाद यात्रा संसद भवन, दिल्ली के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान यह प्रतिनिधि देश के विभिन्न जिलों में पड़ते कलेक्ट्रेट्स में ज्ञापन सौंपते हुए संसद भवन की ओर अग्रसर होंगे। यात्रा में 18 नवम्बर को आगरा कलेक्ट्रेट, 20 नवम्बर को मथुरा कलेक्ट्रेट, 21 नवम्बर को वृंदावन, 23 नवम्बर को पलवल डीसी ऑफिस, 24 नवम्बर को फरीदाबाद डीसी ऑफिस, और 25 नवम्बर को बदरपुर बॉर्डर होते हुए, यात्रा दिल्ली पहुंचेगी। दिल्ली में, संसद भवन के पास नदियों के पवित्र जल से संसद की सफाई की जाएगी। और हवन यज्ञ द्वारा शुद्धिकरण किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री से ₹भुगतान करो या सत्ता छोड़ो₹ की मांग की जाएगी।पदयात्रा के मार्ग में पड़ने वाले सभी जिलों के कलेक्टरों, पुलिस प्रमुखों और प्रशासनिक अधिकारियों को अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 के क्रियान्वयन के लिए ज्ञापन दिया। जाएगा। यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था हेतु संबंधित सुरक्षा एजेंसियों से अनुरोध किया गया है। कि वे यात्रा मार्ग के अनुसार सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करें, और सभी अधिकारियों तथा सुरक्षाकर्मियों को उचित दिशा- निर्देश प्रदान करें। मदनलाल आजाद, राष्ट्रीय संयोजक एवं संस्थापक, ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार, विशाल सिंह कुशवाहा, बनवारी लाल त्रिपाठी मुरैना, श्रीपति शाक्य सबलगढ़, भोपाल सिंह गाजियाबाद, दर्शन कुमार गाजियाबाद, भारत सिंह सैनी करौली, सुरेश प्रजापत मुरैना, जितेंद्र सिंह त्यागी वसई नवाब, राजेंद्र सेन अलवर, पूरन सिंह, जितेंद्र सिंह, पूरे भारतवर्ष से हजारों की संख्या में सभी पीडित एकत्रित हुए। आगे भी यह ज्ञापन प्रति इन सभी को देने हैं। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री, संबंधित राज्यपाल, पुलिस महानिदेशक, एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929